दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 । अंक: 220 | जयपुर, शुक्रवार, 19 जुलाई, 2024 । आषाढ़, शुक्ल पक्ष- त्रयोदशी , विसं 2081 | पृष्ठ: 10 । मूल्य: 2.00

## जरूरी खबर

### 1.25 लाख की घूस लेते अधिशासी अधिकारी गिरफ्तार



**नीमकाथाना।** जिले की अजीतगढ़ नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी परमवीर दुलार को एसीबी ने गुरुवार को 1.25 लाख रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि एसीबी की सीकर इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई थी। जिसमें लिखा था आवासीय कॉलोनी काटने के लिए नक्शे पास करने की एवज में आरोपी अजीतगढ़ नगरपालिका अधिशासी अधिकारी परमवीर दुलार द्वारा 2 लाख रुपए रिश्वत राशि की मांग कर परेशान किया जा रहा है।

### सूर्यकुमार यादव को मिली T20 की कप्तानी



**नई दिल्ली।** बीसीसीआई ने गुरुवार को सूर्यकुमार यादव को टीम इंडिया का नया टी20 कप्तान चुना है। रोहित शर्मा के टी20 से संन्यास लेने के बाद यह पद खाली था। श्रीलंका दौरे के लिए के लिए टी20 और वनडे टीम का ऐलान हो गया है। वनडे टीम के कप्तान रोहित शर्मा रहेंगे। शुभमन गिल को टी20 और वनडे का उपकप्तान बनाया गया है। हार्दिक पांड्या को जहां टी20 टीम में जगह मिली है। वनडे सीरीज में विराट कोहली भी हिस्सा लेंगे। टीम इंडिया श्रीलंका दौरे में 3-3 टी20 और वनडे मैच खेलेगी। टीम इंडिया के नए हेड कोच गौतम गंभीर का यह पहला दौरा है।

### ट्रक में घुसी कार, 6 लोगों की मौत


**बीकानेर।** जिले में गुरुवार रात भीषण सड़क हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई। हादसा बीकानेर से 100 किमी दूर महाजन थाना क्षेत्र में हुआ है। सभी मृतक कार में थे और हरियाणा के डबवाली के रहने वाले थे। जानकारी के अनुसार तेज रफ्तार कार खड़े ट्रक में पीछे से घुस गई। कार से दो लोग उछलकर सड़क पर गिर गए। कार का अगला हिस्सा चकनाचूर हो गया। एक बच्ची घायल है, जिसे पीलीबंगा अस्पताल ले जाया गया है।

## पुलिस की बड़ी कामयाबी: पुलिस मुख्यालय एजीटीएफ की सूचना पर की इटली पुलिस ने कार्रवाई

# राजू ठेहट मर्डर में लॉरेंस के गुर्गे को इटली पुलिस ने दबोचा

■ प्रदेश पुलिस अब लाएगी आरोपी अमरजीत सिंह बिश्नोई को भारत ■ 12 वांटेड का PHQ ने रेड कॉर्नर नोटिस करा रखा है जारी





**बेधड़क** | जयपुर

पुलिस मुख्यालय एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) की सूचना पर गैंगस्टर रोहित गोदारा के साथी अमरजीत विश्नोई को इटली की सिसली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी अमरजीत सिंह बिश्नोई समेत विदेश में फरारी काट रहे एक दर्जन प्रदेश के बदमाशों के खिलाफ पुलिस मुख्यालय ने रेड कॉर्नर नोटिस जारी करवा रखा था। ऐसे में इटली पुलिस ने अमरजीत सिंह बिश्नोई को गिरफ्तार करके इंटरपोल के मार्फत सीबीआई और राजस्थान पुलिस को सूचना दी है। अब पुलिस मुख्यालय आरोपी अमरजीत सिंह बिश्नोई को भारत लाने के लिए सीबीआई व इंटरपोल के मार्फत कार्रवाई शुरू कर दी है। इटली पुलिस ने उसे 8 जुलाई को डिटेन कर लिया था। 50 हजार रुपए के इनामी बदमाश अमरजीत बिश्नोई दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान सहित कई राज्यों का वांटेड है। इसकी तलाश में कई बार राजस्थान पुलिस ने भी छापेमारी की थी। आरोपी बीकानेर में हुई एक घटना के बाद से फरार था। फरार होने के बाद आरोपी ने राजू ठेहट हत्याकांड में बदमाशों के साथ-साथ हथियारों की भी व्यवस्था की थी। वहीं इस पर हरियाणा में भी एक मर्डर का आरोप है।

पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया कि आरोपी अमरजीत सिंह लॉरेंस गैंग के लिए विदेश में बैठकर कंट्रोल रूम की भूमिका निभा रहा था। वह गैंग के मुख्य साथी रोहित गोदारा व अन्य सदस्यों को फिरौती के लिए धमकी देने के लिए वीपीएन व बॉक्स कॉल के मार्फत विदेश में बैठे साथियों से बातचीत कराता था।

### ऐसे आया पकड़ में

एजीटीएफ राजू ठेहट के मामले में फरार बदमाशों की तलाश में है। इनके सोशल मीडिया फॉलोवर्स की मोबाइल का एनालिसिस किया गया। मोबाइल एनालिसिस में रोहित गोदारा गैंग के कुख्यात अमरजीत विश्नोई की लोकेशन इटली में होना सामने आया। इंटर पोल को इसकी जानकारी दी गई। तब उसे इटली के सिसली शहर के कस्बे तरपानी में दबिश देकर दबोचा गया। इटली पुलिस ने बिश्नोई को सीबीआई के जरिए सौंपा हैं।

### इनकी रही महत्वपूर्ण भूमिका

एडीजी दिनेश एमएन ने बताया कि विदेश में बैठे गैंगस्टरों पर एजीटीएफ द्वारा निगरानी की जा रही है। अमरजीत बिश्नोई की लॉकेशन का पता लगाने में एडिशनल एसपी सिद्धांत शर्मा, इंस्पेक्टर रविन्द्र प्रताप सिंह, सुनील जांगिड़ व मनीष शर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इनकी सूचना के आधार पर सीबीआई व एंबेसी के मार्फत इटली पुलिस को सूचना दी गई थी।

## नीट पेपर लीक: शीर्ष कोर्ट सख्त, CBI का बड़ा एक्शन

# वेबसाइट पर 20 को 12 बजे तक डालें रिजल्ट: SC

### केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने पटना एम्स से धरे चार डॉक्टर

■ अगली सुनवाई 22 जुलाई को ■ CBI ने दर्ज की आधा दर्जन प्राथमिकी






**बेधड़क** | किशनगढ़

सुप्रीम कोर्ट ने नीट-यूजी 2024 परीक्षा में पेपर लीक और गड़बड़ी का आरोप लगाने वाली याचिकाओं पर गुरुवार को सुनवाई के दौरान एनटीए को सख्त आदेश दिया कि वह शनिवार दोपहर 12 बजे से पहले अपनी वेबसाइट पर इस परीक्षा का रिजल्ट जारी करे, जिसमें छात्रों को मिले अंकों को प्रकाशित करे। इसमें छात्रों की पहचान गुप्त रखी जाए और परिणाम शहर और केंद्र के हिसाब से अलग-अलग घोषित किए जाएं। अगली सुनवाई 22 जुलाई को रखी गई है।

परीक्षा में गड़बड़ी के आरोपों को लेकर सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि परीक्षा को फिर से यानी नए सिरे से आयोजित करने के किसी भी आदेश का ठोस निष्कर्ष यह होना चाहिए कि पूरी प्रक्रिया की पवित्रता प्रभावित हुई है। दिनभर चली सुनवाई के दौरान पीठ ने उम्मीदवारों के वकील से परीक्षा आयोजित करने में व्यापक अनियमितताओं के बारे में अपना दावा साबित करने के लिए कहा।

### लीक पटना और हजारीबाग तक ही सीमित

कोर्ट ने कहा कि प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि प्रश्नपत्र लीक की घटना पटना और हजारीबाग तक ही सीमित थी। गुजरात के गोधरा में इस तरह की कोई घटना नहीं हुई है। पटना और हजारीबाग में प्रश्नपत्र कथित रूप से लीक हुए, जबकि गोधरा में दावा किया गया कि परीक्षा आयोजित करने वाले एक व्यक्ति ने कुछ अभ्यर्थियों की ओएमआर शीट भरने के लिए पैसे लिए।

### एम्स के निदेशक ने की पुष्टि

इस मामले में एम्स पटना के निदेशक जीके पॉल ने बताया, 'सीबीआई एम्स पटना के चार छात्रों को अपने साथ ले गई है। जिसमें चंदन सिंह, राहुल अनंत और कुमार शानू थर्ड ईयर के छात्र हैं और करण जैन सेकेंड ईयर का छात्र है।' उन्होंने कहा कि एक वरिष्ठ अधिकारी ने उन्हें छात्रों की तस्वीरें और मोबाइल नंबर भेजे हैं। पॉल ने बताया कि सीबीआई की एक टीम डीन, छात्रावास वार्डन और निदेशक के ओएसडी की मौजूदगी में छात्रों को ले गई है।

### गिरफ्तार डॉक्टर्स के हॉस्टल रूम्स भी सील किए

नीट पेपर लीक मामले में सीबीआई ने बड़ी कार्रवाई की है। सीबीआई की टीम ने गुरुवार को पेपर लीक मामले से जुड़े पटना एम्स के 4 छात्रों को गिरफ्तार किया है। सीबीआई का कहना है कि ये चारों एमबीबीएस के छात्र हैं। सीबीआई के मुताबिक एमबीबीएस के तीसरे वर्ष के तीन छात्रों चंदन सिंह, राहुल अनंत व कुमार शानू और सेकेंड ईयर के एक छात्र करन जैन को पूछताछ के बाद सीबीआई टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। अधिकारियों ने बताया कि एम्स के वरिष्ठ संकाय सदस्यों की मौजूदगी में छात्रों को छात्रावास के उनके कमरों से ले जाया गया। उन्हें बताया गया था कि जांच के लिए छात्रों की जरूरत है। सीबीआई के अधिकारियों का कहना है कि सीबीआई टीम ने हॉस्टल के उनके कमरों को भी सील कर दिया है।

### अब तक CBI ने ये FIR की दर्ज

मेडिकल प्रवेश परीक्षा में कथित अनियमितताओं की जांच कर रही सीबीआई ने 6 केस दर्ज किए हैं। वहीं, बिहार में दर्ज प्राथमिकी प्रश्नपत्र लीक होने से जुड़ी है, जबकि गुजरात, राजस्थान और महाराष्ट्र में दर्ज बचे हुए मुकदमे अभ्यर्थियों की जगह पर किसी और के परीक्षा देने और धोखाधड़ी से जुड़ा हैं। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के संदर्भ के आधार पर एजेंसी की अपनी एफआईआर, नीट-यूजी 2024 में कथित अनियमितताओं की 'व्यापक जांच' से जुडा हुआ है।

## ऐतिहासिक बजट के लिए जताया मुख्यमंत्री का आभार

# आठ करोड़ प्रदेशवासी ही मेरा परिवार: मुख्यमंत्री शर्मा

### 'आपणो अग्रणी राजस्थान' का संकल्प करेंगे साकार

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार जनप्रतिनिधियों की क्षेत्र से संबंधित विकास की मांगों पर तत्परता से कार्य कर रही है। पंच, सरपंच, पंचायत समिति सदस्य, विधायक सहित समस्त जनप्रतिनिधि क्षेत्र की नब्ज जानते हैं, इसलिए हमने बजट में उनके फीडबैक और सुझावों के आधार पर प्रदेश की 8 करोड़ जनता के लिए महत्वपूर्ण घोषणाएं की हैं। हमने बजट में सभी क्षेत्रों की मांग को पूरा किया है।

सीएम शर्मा गुरुवार को मुख्यमंत्री निवास पर केकड़ी जिले के निवासियों के आभार समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का वर्ष 2024-25 का परिवर्तित बजट प्रत्येक क्षेत्र की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। इस ऐतिहासिक बजट में गांव, ढाणी, शहर एवं छोटे-बड़े जिलों में विकास का ऐसा रोडमेप तैयार किया गया है, जिससे 'आपणो अग्रणी राजस्थान' का संकल्प साकार होगा।

### जनप्रतिनिधियों की मांग पर हो रहा तुरंत एक्शन



### अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति के लिए योजनाएं संचालित

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति के लिए सबसे पहले सोचकर योजनाओं व कार्यक्रमों का संचालन कर रही है। जनता भी अपने आसपास वंचितों की पहचान कर उन्हें लोककल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार संकल्प पत्र एवं बजट के प्रत्येक घोषणा को क्रियान्वित करने के लिए कृत संकल्पित है।

### प्रधानमंत्री सामाजिक सरोकारों के प्रणेता

शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सामाजिक सरोंकारों को सदैव वरीयता दी है। उन्होंने ही 'स्वच्छ भारत अभियान' की शुरुआत कर स्वच्छता का संदेश देने और 'बेटी पढ़ाओ-बेटी बचाओ' अभियान चलाकर लड़के-लड़कियों का लिंगानुपात सुधारने का महत्ती काम किया है। पीएम मोदी ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में दूरगामी कदम उठाते हुए 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान की शुरुआत की है। शर्मा ने उपस्थित जनसमूह का आह्वान किया कि वे अपनी मां के नाम पर एक पेड़ लगाकर इस अभियान को सफल बनाएं।

### केकड़ी विधायक अब पहनेंगे चरण पादुका

मुख्यमंत्री ने कहा कि केकड़ी विधायक शत्रुघन गौतम ने क्षेत्र के विकास के संकल्प के क्रम में चरण पादुका त्याग रखी है। वे जल्दी ही चरण पादुका पहनेंगे क्योंकि इस बजट में केकड़ी जिले को कई ऐतिहासिक सौगातें मिली हैं, जिससे क्षेत्र का चहुंमुखी विकास सुनिश्चित होगा। इस अवसर पर गौतम ने कहा कि मुख्यमंत्री ने किसान, युवा, महिला एवं वंचितों के कल्याण के लिए बजट में महत्वपूर्ण घोषणाएं की हैं। बजट में केकड़ी जिले की हर मांग पूरी हुई है, जिसके लिए उनका कोटि-कोटि धन्यवाद। कार्यक्रम में केकड़ी जिले के जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री को स्मृति चिह्न एवं पुष्पगुच्छ भेंटकर अभिनन्दन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने केकड़ी के निवासियों के साथ संवाद भी किया।

## गोंडा में रेल हादसा

# चंडीगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस के 14 डिब्बे पटरी से उतरे, दो यात्रियों की मौत...

- मृतकों के परिजनों को 10 लाख रुपए मुआवजा देने का ऐलान
- गंभीर घायलों को दिए जाएंगे 2.50 लाख रुपए
- रेलवे द्वारा करवाई जाएगी इस रेल हादसे की उच्च स्तरीय जांच

**बेधड़क** | गोंडा

उत्तर प्रदेश के गोंडा के पास चंडीगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस के 14 डिब्बे पटरी से उतर जाने के कारण कम से कम दो लोगों की मौत हो गई जबकि 31 घायल हैं। दो गंभीर रूप से घायल यात्रियों को लखनऊ रेफर किया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना का संज्ञान लेकर स्थानीय प्रशासन को प्रभावित यात्रियों की हरसंभव मदद का निर्देश दिया है। उन्होंने अधिकारियों से यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि घायलों को सही चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो। उत्तरी सीमांत रेलवे (एनएफआर) के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सब्यसाची डे ने बताया, ट्रेन नंबर 15904 चंडीगढ़ से बुधवार रात 11.59 बजे डिब्रूगढ़ के लिए रवाना हुई थी।

बृहस्पतिवार को ट्रेन गोंडा रेलवे स्टेशन पर दोपहर 2.25 बजे पहुंची और 2.28 बजे यहां से निकली। गोंडा मुख्यालय से करीब 18 किलोमीटर दूर मोतीगंज-झिलाही बाजार के बीच 2.41 बजे ट्रेन बेपटरी होकर पलट गई। एक-एक करके 14 कोच पटरी से उतरकर पलटते गए।

### रेलवे गंभीर... CRS द्वारा की जा सकती है इंक्वायरी



### मामूली घायलों को देंगे 50 हजार रुपए

रेल मंत्रालय ने गोंडा रेल हादसे में मारे गए लोगों के परिवार के लिए दस लाख रुपए मुआवजे का ऐलान किया है। इसके अलावा गंभीर रूप से घायल लोगों को ढाई लाख रुपए और मामूली रूप से घायल लोगों को पचास हजार रुपए की आर्थिक मदद की जाएगी। रेलवे ने इस हादसे में CRS इंक्वायरी करवाने की बात कही है।



## जरूरी खबर

### नगर पालिका घोषित करने की सूचना जारी




**चाकसू।** कोटखावदा ग्राम पंचायत को नगरपालिका घोषित करने के लिए चाकसू उपखंड अधिकारी ने सार्वजनिक सूचना जारी की है। गौरतलब है कि अधिनियम की धारा 101 के अंतर्गत उपखंड अधिकारी शिवचरण शर्मा ने जारी की सूचना में बताया कि ग्राम पंचायत को पालिका घोषित करने के लिए 7 दिन में आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। समय निकलने के बाद आपत्ति नहीं ली जा सकेगी। यहां बता दे कि कोटखावदा की आबादी 10 हजार से अधिक है, जो ग्राम पंचायत को परिवर्तित करके नगरपालिका में बदलने को पर्याप्त है, वही उपखंड अधिकारी की ओर से जारी जनसूचना के बाद से ग्रामीणों में खुशी की लहर है।

### जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग की अनुदान मांगें पारित

**जयपुर।** जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी ने गुरुवार को विधानसभा में कहा कि जनजाति क्षेत्र में सामुदायिक वनाधिकार संभावित क्षेत्रों के आकलन के लिए एफआरए एटलस तैयार की जा रही है और इसके माध्यम से ऐसे संभावित क्षेत्रों में सामुदायिक वनाधिकार पट्टे जारी कर विकास कार्य किए जा सकेंगे। खराड़ी सदन में जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग (मांग संख्या-30) की अनुदान मांग पर हुई बहस का जवाब दे रहे थे। चर्चा के बाद सदन ने जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग की 3 खरब 14 अरब 43 करोड़ 85 लाख 60 हजार रुपए की अनुदान मांगें ध्वनिमत से पारित कर दी।

### मुख्यमंत्री निशुल्क दवा योजना को और बेहतर बनाएंगे



**जयपुर।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने गुरुवार को विधानसभा में बताया कि राज्य सरकार मुख्यमंत्री निशुल्क दवा वितरण योजना को जारी रखते हुए इसे और अधिक बेहतर बनाएगी। खींवसर प्रश्नकाल में पूरक प्रश्न का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार के समय करौली, सपोटरा, टोडाभीम और हिंडौन विधानसभा क्षेत्र में योजना के तहत आवंटित राशि का पूर्ण उपयोग नहीं किया गया। उन्होंने बताया कि योजना के तहत करौली जिले में वर्ष 2019 से मार्च 2024 तक एक करोड़ 29 लाख 6 हजार 823 मरीजों को लाभन्वित किया गया।

## भाजपा विधायकों ने हरीश चौधरी पर जातिवाद फैलाने का लगाया आरोप

# विधानसभा में 'ठाकुर का कुआं' कविता को लेकर हुआ हंगामा

**बेधड़क | जयपुर**

विधानसभा में ठाकुर का कुआं कविता को लेकर गुरुवार को जमकर हंगामा हुआ। भाजपा विधायकों ने हरीश चौधरी पर जातिवाद फैलाने और एक वर्ग को आहत करने का आरोप लगाया। संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने सभापति से इसे कार्यवाही से निकालने की मांग की। हरीश चौधरी ने इसका विरोध किया। संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा कि किसी जाति वर्ग के लिए कमेंट करने पर कोई आहत होता है तो उसको कार्यवाही से निकालना चाहिए। हम सब एक हैं, आहत करने वाली टिप्पणी नहीं करनी चाहिए। इस पर सभापति संदीप शर्मा ने कहा कि जो सदन के अनुकूल नहीं होगा उसे कार्यवाही से निकाल दिया जाएगा। पटेल ने हरीश चौधरी से कहा कि आपने जो बोला आपके विषय के अनुकूल नहीं है, आपको स्वीकार करना पड़ेगा आप किसी को ठेस नहीं पहुंचा सकते।



### बजट की तुलना 'ठाकुर का कुआं' कविता से

विधानसभा में अनुदान मांगों पर बहस के दौरान कांग्रेस विधायक हरीश चौधरी ने बजट की तुलना 'ठाकुर का कुआं' कविता से की। हरीश चौधरी ने कहा कि क्रांतिकारी कवि ओमप्रकाश वाल्मीकि ने ठाकुर का कुआं कविता के जरिए भेदभाव का दर्द बयां किया था। वो ही दर्द इस बजट को पढ़कर दिखेगा। उन्होंने कहा कि मैं कम पढ़ा जरूर हूं, केवल पोस्ट ग्रेजुएट हूं। चूल्हा मिट्टी का, मिट्टी तालाब की, तालाब ठाकुर का, भूख रोटी, रोटी बाजरे की, बाजरा खेत का, खेत ठाकुर का। बैल ठाकुर का, हल ठाकुर का, हल की मूठ पर हथेली अपनी। फसल ठाकुर की, कुआं ठाकुर का खेत-खलिहान ठाकुर के। हमारा क्या है। चौधरी ने कहा कि हमारा क्या है, हमारा कुछ नहीं है, सब कुछ ठाकुर का है। हम आरक्षण के नाम पर दर्द बयां करते हैं तो हंसी उड़ाई जाती है। 80 फीसदी संसाधन ऊंची जातियों के पास हैं। हम पिछड़ों के पास क्या है। हम लोग जो ओबीसी में पिछड़े आते हैं उनका क्या है। केवल 17 परसेंट मिला। नौकरियों में रोस्टर के नाम पर खेल किया जाता है। ओबीसी वोट के समय ही याद आते हैं।

### भाजपा विधायक ने किया पलटवार

भाजपा विधायक अमृतलाल मीणा ने हरीश चौधरी पर पलटवार किया। उन्होंने कहा कि हरीश चौधरी आदिवासी और सामाजिक न्याय की अनुदान मांगों पर बहस कर रहे थे। वो एससी-एसटी को ठाकुर बता रहे थे। वो कितने सच्चे, कितने काले हैं, इसकी जांच होनी चाहिए। मीणा ने कहा कि देश की पाइपलाइन, पूरी रिफाइनरी खा गए। उस एरिया में जाकर देखें, किसी पर उंगली उठाने से क्या होता है। सब जानते हैं पूरे बाड़मेर को लूट लिया। आदिवासी को कह रहे ठाकुर हैं। यह सहन नहीं होगा, नहीं सहेगा राजस्थान, नहीं सहेगा एससी-एसटी।

## शिक्षामंत्री के माफी मांगने के बाद कांग्रेस ने खत्म किया बहिष्कार

# आदिवासियों के DNA टेस्ट वाले बयान पर दिलावर बैकफुट पर

**बेधड़क | जयपुर**

राजस्थान के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के आदिवासियों पर दिए गए बयान को लेकर कांग्रेस का बवाल आखिर थम गया। इस दौरान शिक्षा मंत्री दिलावर ने सदन में अपने बयान को लेकर माफी मांग ली। विधानसभा सत्र शुरू हुआ, तभी से कांग्रेस इसकी मांग कर रही थी।

कांग्रेस की मांग थी कि जब तक दिलावर अपने बयान को लेकर माफी नहीं मांगेंगे, तब तक उनकी बात नहीं सुनी जाएगी। इस दौरान गुरुवार को शिक्षा मंत्री दिलावर ने जब माफी मांगी तो विपक्ष ने बवाल बंद कर दिया और शिक्षा मंत्री की बात सुनी। इस दौरान शिक्षा मंत्री दिलावर ने विधानसभा में कहा कि मेरे बयान से विपक्ष या मेरे आदिवासी भाइयों को कोई कष्ट हुआ तो मैं माफी मांगता हूं। इससे पहले शिक्षा मंत्री विभाग से संबंधित सवाल का जवाब देने खड़े हुए तो विपक्ष ने फिर से हंगामा कर दिया।

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने फिर से अपनी बात दोहराई, जब तक दिलावर अपने बयान को लेकर माफी नहीं मांगेंगे, उनकी बात नहीं सुनी जाएगी। इसके बाद दिलावर ने आदिवासियों पर दिए गए बयान पर माफी मांग ली, तब जाकर कांग्रेस ने अपना बहिष्कार वापस लिया।




### विधानसभा सत्र की शुरुआत के साथ ही शुरू हो गया था बहिष्कार

बीते दिनों शिक्षा मंत्री दिलावर ने बांसवाड़ा सांसद राजकुमार रोत के बयान के बाद आदिवासियों के डीएनए टेस्ट करवाने को लेकर एक विवादित बयान दिया था। इसको लेकर जमकर बवाल हुआ। इसको लेकर बांसवाड़ा सांसद ने शिक्षा मंत्री के आवास पर भी जमकर हंगामा किया। इस दौरान 3 जुलाई को शुरू हुए विधानसभा सत्र के पहले दिन ही विपक्ष ने दिलावर का बहिष्कार कर दिया। इस दौरान शर्त रखी गई कि जब तक दिलावर अपने बयान को लेकर सदन में माफी नहीं मांगेंगे, तब तक उनका कोई जवाब नहीं सुना जाएगा।

## प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोले दिनेश एमएन

# फायरिंग की घटनाओं में आई कमी: एडीजी



**बेधड़क | जयपुर**

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक पुलिस एजीटीएफ एवं अपराध दिनेश एमएन ने कहा है कि अपराधियों की धर पकड़ एवं इनकी गतिविधियों पर निगरानी के सकारात्मक परिणाम स्वरूप प्रदेश में फायरिंग की घटनाओं में इस साल बड़ी गिरावट दर्ज की गई है।

पुलिस मुख्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान एडीजी दिनेश एमएन ने बताया कि फायरिंग के प्रकरणों में वर्ष 2023 के मुकाबले इस वर्ष जून महीने तक दर्ज किए गए प्रकरणों की संख्या में 41.89 प्रतिशत, घायलों की संख्या में 59.56 एवं मृतकों की संख्या में 44.44 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। एमएन ने बताया कि प्रदेश में फायरिंग के मामले में साल 2021 में जून महीने तक 223 प्रकरण दर्ज हुए। इसमें 129 घायल व 32 की मौत हो गई।

साल 2022 में जून महीने तक 272 प्रकरण दर्ज हुए, जिसमें 151 घायल व 30 की मौत हो गई। इसी प्रकार साल 2023 में जून महीने तक 265 प्रकरण दर्ज हुए, जिसमें 183 घायल व 27 की मौत हो गई। इसकी तुलना में साल 2024 में जून महीने तक 154 प्रकरण दर्ज हुए, जिसमे 74 घायल व 15 की मौत हुई है।

## सांसद मन्नालाल रावत का बयान

### जनजाति समाज के नाम पर एक संगठन कर रही सियासत

उदयपुर सांसद मन्नालाल रावत ने एक बड़ा बयान दिया है। रावत ने कहा कि बांसवाड़ा के मानगढ़ धाम पर इकट्ठा होकर कुछ लोग अलग राज्य की मांग कर रहे हैं। वे अंग्रेजों के विचारों से प्रेरित हैं। वहां जाकर भ्रामक वातावरण बना रहे हैं। वहां जाने वाले एक संगठन के लोग हैं, जो केवल कट्टरता व जातिवाद का जहर फैलाने का काम कर रहे हैं। सांसद रावत ने कहा कि कुछ लोग आदिवासियों के बीच भ्रम फैलाने का काम कर रहे हैं। सरेआम कह रहे हैं कि आदिवासी हिंदू नहीं हैं। समाज और क्षेत्र को ऐसे तत्वों से सावधान रहने की जरूरत है। सामाजिक समरसता को खराब करने के लिए इस तरह की बातें नहीं होनी चाहिए। उदयपुर के जिला परिषद सभागार में मीडियाकर्मियों से मुखातिब हुए सांसद रावत ने कहा कि मानगढ़ धाम तो आदिदेव महादेव, आदिशक्ति का स्थान है, जहां जनजाति समाज अपनी सनातन परंपरा के अनुसार अपने गुरु के आदेश पर पूर्णिमा के दिन घी लेकर हवन करने के लिए गया था। इस जनजाति समाज पर 1913 में अंग्रेजों ने भारी गोलाबारी कर नरसंहार किया था। आज जो लोग अलग राज्य की मांग को लेकर वहां गए। वे उन्हीं नरसंहार करने वालों की राजनीति को आगे बढ़ा रहे हैं।



## प्रश्नकाल में गूंजा पाक विस्थापितों को नागरिकता देने का मुद्दा

राजस्थान विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान गुरुवार को बाड़मेर-जैसलमेर और बालोतरा सहित अन्य जिलों में पाक विस्थापितों को नागरिकता देने और जैसलमेर जिले में गोशालाओं को फर्जी अनुदान के सवाल उठे। पाक विस्थापितों की नागरिकता पर सरकार ने प्राथमिकता के आधार पर पेंडेंसी को खत्म करने का आश्वासन दिया तो गोशालाओं में फर्जी अनुदान की जांच एसीबी से कराने का आश्वासन दिया। प्रश्नकाल में निर्दलीय विधायक रविंद्र सिंह भाटी ने सवाल किया कि बाड़मेर, जैसलमेर और बालोतरा में पिछले 5 सालों में पाक विस्थापितों को नागरिकता प्रदान किए जाने के संबंध में कितने आवेदन प्राप्त हुए? प्राप्त आवेदनों में से कितनों का निस्तारण किया गया और कितने लंबित हैं? इसके साथ ही उन्होंने आगे सवाल किया कि क्या सरकार उक्त लंबित आवेदनों को समयबद्ध निस्तारित कर नागरिकता प्रदान करने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो - क्यों ? इसके जवाब में मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने जवाब देते हुए कहा कि 2468 एप्लीकेशन प्राप्त हुई। इनसे से 566 पेंडेंसी है। साथ ही करीब 300 रिपोर्ट की वजह से पेंडिंग है। कलेक्टरों को निर्देश दिए गए हैं कि वो हर महीने इसकी मीटिंग करें। साथ उन्होंने कहा कि पाक-बांग्लादेश आदि देशों से 6 कैटेगरी में जो अल्पसंख्यक भारत आए हैं, हम प्राथमिकता के आधार पर टेंडेंसी को खत्म करने की कोशिश करेंगे।

## गोशालाओं में फर्जी अनुदान मामले की ACB से कराएंगे जांच

भाजपा विधायक कालीचरण सराफ ने सवाल किया कि क्या यह सही है कि जैसलमेर में कई गोशालाओं द्वारा फर्जी गोवंश बताकर अनुदान उठाया गया है? यदि हां, तो कितनी गोशालाओं द्वारा कितना अनुदान उठाया गया है? सराफ के सवाल के जवाब में मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा कि जैसलमेर जिले के गोशालाओं में पिछले साल हुई अनियमितताओं और फर्जी रूप से अनुदान उठाने के मामले की भष्ट्राचार निरोधक ब्यूरो से जांच कराई जाएगी। जैसलमेर में शिकायत मिलने पर गोशालाओं का औचक निरीक्षण करवाया गया। इसमें 32 गोशाला में फर्जी अनुदान उठते समय कई अनियमितताएं मिलने का मामला सामने आया। इस मामले में सरकारी अधिकारियों के खिलाफ भी अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि दो उपखंड अधिकारियों के खिलाफ भी अनुशासनात्मक कार्रवाई का प्रस्ताव कार्मिक विभाग को भेजा गया है. कुमावत ने कहा कि जिले की सभी गोशालाओं को दिए गए अनुदान की तीर्थ जांच भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो से कराई जाएगी। यदि जांच में किसी राजनेता या किसी अधिकारी की संलिप्तता सामने आई तो उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। जांच रिपोर्ट आने के बाद फर्जी अनुदान उठाने वाली गोशालाओं से वसूली भी की जाएगी।

# अब भूजल के दोहन के लिए एनओसी अनिवार्य

**बेधड़क | जयपुर**

प्रदेश में भूजल का दोहन किसानों के अलावा अन्य कोई भी बिना एनओसी के नहीं कर सकेगा। इसके लिए भूजल विभाग की ओर से किसानों को जागरूक भी किया जाएगा। गिरते भूजल स्तर की स्थिति को मध्य नजर रखते हुए अधिक भूजल दोहन पर रोक लगाने के लिए सभी नए और विस्तारित उद्योग, उद्योग जो विस्तार करना चाहते हैं, बुनियादी ढांचा परियोजना, खनन परियोजना थोक जलापूर्ति, शहरी जल आपूर्ति योजनाएं एवं खारा जल निष्कर्षण हेतु भूजल के उपयोग के लिए एनओसी की अनिवार्यता को कठोरता से लागू करने का निर्णय लिया गया है। इनके द्वारा जितनी मात्रा में भूजल का दोहन किया जाएगा। उसके निर्धारित अनुपात में भूजल का रिचार्ज किया जाना जरूरी होगा, तभी जाकर इस श्रेणी को एनओसी प्रदान की जाएगी। वहीं कुछ श्रेणियां में एनओसी लेने की छूट भी दी गई है। केंद्रीय भूमि जल प्राधिकरण द्वारा प्रदत्त गाइडलाइन की पालना नहीं करने पर अवैध ट्यूबवेलों को सील करने, विद्युत सप्लाई को रोकने, उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करने जैसे कदम उठाये जाएंगे।

भूजल मंत्री कन्हैया लाल ने बताया कि वर्ष 2023 के भूजल संसाधन के आकलन के अनुसार राज्य के कुल 302 ब्लॉकों में से 216 ब्लॉक्स में अतिभूजल दोहन (100 प्रतिशत से अधिक) किया जा रहा है। प्रदेश के केवल 38 क्षेत्र भूजल की दृष्टि से सुरक्षित क्षेत्र हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में न केवल भूजल का स्तर गिर रहा है बल्कि भूजल में बढ़ते टीडीएस, नाइट्रेट और फ्लोराइड के कारण भूजल की गुणवत्ता में भी कमी आई है। प्रदेश में भूजल का दोहन लगभग 148 प्रतिशत है।

## मावली विधानसभा क्षेत्र में मतदाता अभिनंदन कार्यक्रम में बोले प्रदेशाध्यक्ष

# कांग्रेस ने पांच साल सिर्फ घोषणाएं की, काम नहीं: सीपी जोशी

**बेधड़क | जयपुर/ चित्तौड़गढ़**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं चित्तौड़गढ़ सांसद सीपी जोशी ने गुरुवार को मावली स्थित विद्या निकेतन विद्यालय में आयोजित मतदाता अभिनंदन कार्यक्रम में लोकसभा विधानसभा चुनावों में क्षेत्र की जनता से मिले समर्थन और आशीर्वाद के लिए आभार प्रकट किया। इससे पूर्व उन्होंने चित्तौड़गढ़ लोकसभा क्षेत्र की जनता से संवाद किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने इस दौरान उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले दस वर्षों में देश प्रदेश सहित चित्तौड़गढ़ के विकास में कोई कमी नहीं आई और अगले पांच सालों में विकास का इतिहास बनेगा। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने से रोकने के लिए झूठ बोला और जनता को भ्रमित करने का काम किया, लेकिन प्रदेश की जनता को भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भरोसा है और इसी भरोसे के चलते भाजपा को जनता का आशीर्वाद मिला। विधानसभा चुनाव में भी जनता ने प्रदेश से कांग्रेस को उखाड़ फैंकने का काम किया।



### कांग्रेस सरकार ने प्रदेश में किए थे भ्रष्टाचार के नए आयाम स्थापित

प्रदेश अध्यक्ष जोशी ने कहा कि कहा कि पूर्व की कांग्रेस सरकार ने प्रदेश में भ्रष्टाचार के नए आयाम स्थापित किए। शिक्षकों के कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के सामने खड़े होकर शिक्षकों ने कहा था कि हमने पैसा देकर ट्रांसफर करवाया है। कांग्रेस के पांच सालों में बिजली खरीद और कोयला खरीद में भी जमकर घोटाला किया। सर्दी में महंगे दामों पर बिजली खरीदी और गर्मी में सस्ते दामों पर लौटाने का जो निर्णय लिया उसके परिणामस्वरूप प्रदेश बिजली संकट से जूझ रहा है। बिजली के क्षेत्र में प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कोई प्रयास नहीं हुए। राजस्थान हमेशा बिजली खरीदता आया, लेकिन अब प्रदेश में भाजपा की सरकार है और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में डेढ़ लाख करोड़ से ज्यादा का एमओयू हुआ है। इस कार्यकाल में राजस्थान बिजली के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनेगा।

### भाजपा के लिए हर चुनाव होता है महत्वपूर्ण


भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि भाजपा के लिए हर चुनाव महत्वपूर्ण होता है और पूरा संगठन मिलकर काम करता है। हाल ही में हुए चार जिला परिषद के चुनावों में तीन पर भाजपा जीती और कांग्रेस खाता भी नहीं खोल पाई। आने वाले समय में विधानसभा की पांच सीटों पर होने वाले उप चुनाव में भी परिणाम अच्छे आएंगे। कांग्रेस पूरी तरह से बिखरी हुई है। इनके नेता एक दूसरे को नीचा दिखाने में लगे हुए हैं। पीसीसी चीफ सदन में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली को दबाने का काम करते हैं।

### प्रदेश का होगा चहुंमुखी विकास

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि भाजपा की सरकार में प्रदेश का चहुंमुखी विकास होगा, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में जो बजट आया है वह विकसित राजस्थान की आधारशीला रखने वाला है, जिसमें प्रदेश के हर कोने हर वर्ग को समाहित किया गया है। इसमें आपणों अग्रणी राजस्थान का लक्ष्य साफ दिखाई देता है। इस ऐतिहासिक बजट की प्रशंसा आमजन ही नहीं कांग्रेस के नेता भी कर रहे हैं। इससे स्पष्ट होता है कि प्रदेश की आकांक्षाओं और अपेक्षा के अनुरूप बजट आया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने प्रदेश की जनता को पांच साल सिर्फ वादे ही दिए उनके पहले बजट में जो घोषणाएं हुई थी वो पांच साल में भी धरातल पर नहीं उतर पाई। भाजपा जो कहती है, वो करती है। चुनाव के समय संकल्प पत्र में जो संकल्प लिए थे। छह महीने में ही उसका 45 प्रतिशत पूरा करके मुख्यमंत्री ने पूरा करके जनता को समर्पित कर दिया।

## जरूरी खबर

### 22 सितम्बर को होगा श्रीश्याम भजन महोत्सव



**जयपुर।** श्री श्याम भक्त सेवा परिवार की ओर से श्रीश्याम भजन महोत्सव का आयोजन 22 सितंबर को विद्याधर नगर स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। संस्था महासचिव डॉ. एसपी यादव, अध्यक्ष निर्मल गुप्ता, संरक्षक पवन डिडवानिया, कोषाध्यक्ष सुभाष मित्तल व उपाध्यक्ष मुरारी शर्मा के नेतृत्व में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में 45 से 50 हजार व्यक्तियों के बैठने का स्थान है। कार्यक्रम में भजन गायक सरदार लखबीर सिंह लक्खा प्रस्तुति देंगे। इसके अतिरिक्त इंडियन आइडल फेम पन्ना गिल, राज गिल व पूनम गिल भी बाबा को भजनों से रिझाएंगे। कार्यक्रम का श्री गणेश दोपहर 12:15 से होगा। श्याम दरबार सजाया जाएगा। साथ ही 5 ब्लॉक बनाए जाएंगे, ताकि भीड़ के आगमन व निकासी में कोई समस्या नहीं आए।

### पिंकसिटी प्रेस क्लब में लगाए दो वाटर कूलर



**जयपुर।** पिंकसिटी प्रेस क्लब में पीने के ठंडे पानी की समस्या को देखते हुए एसके फाउंडेशन की ओर से वाटर कूलर लगाए गए। पिंकसिटी प्रेस क्लब के डायरेक्टर ओमवीर भार्गव ने बताया कि फाउंडेशन ने पिंकसिटी प्रेस क्लब परिसर में दो वाटर कूलर इंस्टॉल किए। इस अवसर पर फाउंडेशन ने भविष्य में भी पत्रकार हितों में पूर्ण सहयोग करने का वादा किया। इंस्टॉलेशन के दौरान ओम भारद्वाज, ओमवीर भार्गव, अरविंद शर्मा, संतोष वशिष्ठ, पवन गुर्जर, निशांत छाबरा उपस्थित रहे।

---

**सार्थक मानव कुष्ठाश्रम के अखिल भारतीय कुष्ठ रोग उन्मूलन अधिवेशन में बोले राज्यपाल मिश्र...**

## दीन-दुखियों की सेवा, यज्ञ से मिलने वाले पुण्य के बराबर

**बेधड़क** | जयपुर

राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा कि कुष्ठ रोगियों की पहचान और इलाज के साथ-साथ उनके पुनर्वास के लिए प्रभावी प्रयास किए जाएं। साझा प्रयास के अंतर्गत सरकार और आमजन की भागीदारी हो तो कुष्ठ रोग से मुक्ति के पथ पर राष्ट्र तेजी से अग्रसर हो सकता है। उन्होंने कुष्ठ रोगियों के कौशल विकास के अधिकाधिक कार्यक्रम चलाए जाने और उन्हे आत्मनिर्भर बनाए जाने के लिए विशेष कार्यक्रम चलाने का आह्वान किया। मिश्र सार्थक मानव कुष्ठाश्रम द्वारा राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित अखिल भारतीय कुष्ठ रोग उन्मूलन अधिवेशन में संबोधित कर रहे थे।




### रोगियों की हो पूरी सेवा

उन्होंने कहा कि कुष्ठ रोग का इलाज जितना महत्वपूर्ण है उतना ही महत्व इस रोग से जुड़े लोगों की सेवा करना है। पीड़ित मानवता की सेवा के साथ कुष्ठ रोग पीडितों का पुनरोद्धार बड़ा धर्म है। मंदिर में जाकर पूजा और यज्ञ करने से जो पुण्य प्राप्त होता है, वहीं पुण्य दीन-दुखियों की सेवा करने और उनको सम्मान से जीवन जीने के अवसर प्रदान करने से मिलता है। उन्होंने सार्थक मानव कुष्ठाश्रम की कुष्ठ रोग उन्मूलन, उनके स्वावलंबन और वृद्धाश्रम संचालन गतिविधियों की सराहना की। मिश्र ने चिंता जताई कि विश्व की कुल कुष्ठ जनसंख्या का लगभग आधा भाग दुर्भाग्य से हमारे देश में है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार पूरे विश्व में 120 से अधिक देशों में यह रोग फैला हुआ है। हर साल 2 लाख से अधिक नए कुष्ठ रोग के मामले सामने आते हैं। इसे देखते हुए कुष्ठ रोग के इलाज के लिए व्यावहारिक प्रयास किए जाएं, इसमें जन भागीदारी को बढ़ाया जाए।

### चुनौतियों पर विशेषज्ञों ने रखे विचार

उत्तर प्रदेश के पूर्व राज्यपाल राम नाइक ने कुष्ठ रोग उन्मूलन के लिए वातावरण निर्माण पर जोर दिया। अपाल की अध्यक्ष माया रनावरे, सार्थक मानव कुष्ठाश्रम संरक्षक के. एल. जैन और महावीर विकलांग संस्थान के संरक्षक डॉ. डी. आर. मेहता ने कुष्ठ रोग निदान के लिए कार्य करने पर विचार रखे। आरंभ में सार्थक मानव कुष्ठाश्रम अध्यक्ष सुरेश कौल ने संस्था द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी दी। अधिवेशन के तकनीकी सत्र में कुष्ठ रोग से प्रभावित व्यक्तियों की सामाजिक, आर्थिक स्थिति से जुड़े मुद्दों, नागरिक एजेंसियों द्वारा शुरू किए गए कल्याणकारी उपायों, इससे जुड़े कानूनों, कुष्ठरोग से प्रभावित व्यक्तियों के समक्ष भेदभाव और भविष्य की आने वाली चुनौतियों पर विषय विशेषज्ञों ने विचार रखे।

---

**5 घंटे की समझाइश के बाद मामला शांत, एडि. DCP को सौंपी जांच**

## कोटखावदा में युवक की हत्या विरोध में किया लोगों ने रोड जाम

**बेधड़क** | चाकसू

कोटखावदा में बुधवार देर रात ढाबे पर खाना खाने गए युवक की हत्या से आक्रोशित लोगों ने गुरुवार सुबह स्टेट हाइवे-2 पर बेरीकेड्स एवं झड़ियां डालने के साथ ही टायर जलाकर रोड जाम कर दिया। साथ ही बाजार भी बंद करवा दिया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने कोटखावदा थाने का घेराव कर आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने सहित आर्थिक मुआवजे का पैकेज और मृतक के आश्रित को सरकारी नौकरी देने की मांग की। इस दौरान पुलिस और गांव वालों के बीच समझाइश का दौर चला। विधायक रामावतार बैरवा भी कोटखावदा थाने पहुंचे और मृतक के आश्रित लोगों को सरकारी सहायता दिलाने का भरोसा दिलाया। करीब 5 घंटे के बाद ग्रामीण और प्रशासन के बीच सहमति बनी और मामला शांत हुआ।

जिला उपाध्यक्ष एवं समाजसेवी श्रवणलाल गुर्जर ने बताया कि पीड़ित परिवार को प्रतिकर राशि के 8 लाख रुपए की राशि देने, मृतक की पत्नी को संविदा पर नौकरी देने, पालनहार समेत अन्य सरकारी योजना का लाभ दिलवाने की बात पर परिजन माने। साथ ही विधायक ने स्वयं के स्तर से 1 लाख एवं जनसहयोग सहित 3 लाख की आर्थिक मदद प्रदान की।



### 5 लोगों को किया डिटेन

पुलिस ने बताया कि रमजानीपुरा निवासी रामखिलाड़ी मीणा (32) बुधवार रात को कोटखावादा इलाके के तूंगा रोड पेट्रोल पम्प के पास स्थित बालाजी ढाबे पर खाना खा कर सो रहा था। इस दौरान रात्रि 1 बजे करीब कुछ लोगों ने पाइपनुमा वस्तु से रामखिलाड़ी के सिर मुंह पर हमला कर हत्या कर दी। पुलिस ने अब तक मामले में 5 लोगों को डिटेन कर लिया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है। परिजनों की रिपोर्ट मिलने के बाद पोस्टमॉर्टम कराकर शव उनको सुपुर्द किया गया है।

### भाई ने कराया 8-10 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

मामले में मृतक के भाई नंदाराम मीणा ने 3 नमाजद समेत 8-10 जनों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। पुलिस अधिकारियों ने 24 घंटे में मामले का खुलासा करने का आश्वासन दिया, तब जाकर मामला शांत हुआ। प्रकरण की जांच एडिशनल डीसीपी पूनम चंद विश्नोई कर रहे हैं। चाकसू एसीपी सुरेंद्र सिंह ने बताया कि परिजनों की ओर से मामले में रिपोर्ट दी गई है। उसमें नामजद सुरज्ञान चौधरी रामनगर, राहुल चौधरी लक्ष्मीपुरा व जयप्रकाश मीणा नंदलालपुरा समेत अन्य के खिलाफ हत्या की धाराओं में मुकदमा कर लिया गया है।



### अक्सर ढाबे पर ही सो जाता था

मृतक के भाई नंदाराम ने बताया कि रामखिलाड़ी की चार बेटियां है। कुछ दिन पहले ही एक बेटी का जन्म हुआ था। रामखिलाड़ी ड्राइवरी करता था वह अक्सर घर से एक किलोमीटर दूर ढाबे पर ही सो जाता था। घटना के दिन बुधवार शाम को घर पर राशन का सामान देकर निकला था। रात को खाना खाकर बालाजी ढाबे पर ही सो गया था। इस दौरान रात में अचानक आए 7-8 लोगों ने उसके भाई पर धारदार हथियारों से हमला कर उसकी हत्या कर दी और फरार हो गए।

---

**अफसर बिना जांच कर रहे कार्रवाई**

## इंस्पेक्टर को सस्पेंड करने से पहले DGP से लेनी होगी राय!

**बेधड़क** | जयपुर

भ्रष्टाचार व अवैध गतिविधियों में लिप्त पुलिसकर्मियों को अफसरों द्वारा सस्पेंड करने की कार्रवाई पर डीजीपी यूआर साहू ने अपने ही अधिकारियों पर सवाल खड़े कर दिए है। डीजीपी ने माना है कि जिला एसपी, डीसीपी, रेंज आईजी व कमिश्नर द्वारा अधिनस्थ पुलिसकर्मियों को सस्पेंड करने पर सावधानी नहीं बरती जा रही है। ऐसे में कार्मिकों के मनोबल पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है और कामकाज भी प्रभावित हो रहा है। दरअसल भ्रष्टाचार व अवैध गतिविधियों में लिप्त होने के आरोप लगने पर जिला डीसीपी, एसपी, रेंज आईजी व कमिश्नर द्वारा कांस्टेबल से लेकर इंस्पेक्टर स्तर के अधिकारियों को जांच से पहले ही सस्पेंड किया जा रहा है। इस संबंध में कुछ सस्पेंड हो चुके पुलिसकर्मियों ने डीजीपी से मिलकर अपनी पीड़ा बताई थी। ऐसे में अब इंस्पेक्टर रैंक के पुलिसकर्मी को सस्पेंड करने से पहले अफसरों को डीजीपी से राय लेनी होगी। डीजीपी ने आदेश जारी करके सभी अफसरों को निर्देश दिए है कि गंभीर और कठोर आरोप होने पर ही पुलिसकर्मियों को सस्पेंड किया जाए। सूत्रों ने बताया कि डीजीपी के आदेशों के बाद जिला व रेंज और कमिश्नरेट में लगे उच्च अधिकारी असमंजस में पड़ गए है। अफसरों का मानना है कि पुलिसकर्मी पर भ्रष्टाचार व अवैध गतिविधियों में लिप्त होने पर ही सस्पेंड की कार्रवाई की जाती है। ऐसे में अगर किसी पुलिसकर्मी पर आरोप लगते है तो किस श्रेणी को गंभीर व कठोर माना जाए ताकी उसके आधार पर कार्रवाई की जा सके।

## 72 घंटे में ढूंढ निकाली महिला

**बेधड़क** | जयपुर

राजभवन के क्वार्टर में रहने वाली मानसिक रूप से कमजोर गुमशुदा महिला को पुलिस टीम ने 72 घंटे में गंगापुर सिटी रेलवे स्टेशन से ढूंढ़ निकाला। इस पर राज्यपाल ने पुलिस टीम को प्रशंसा-पत्र देकर सम्मानित किया है। डीसीपी साउथ दिगंत आनंद ने बताया कि उत्तर प्रदेश निवासी रामप्रताप सिंह ने मानसिक रुप से कमजोर अपनी पत्नी की गुमशुदगी सोडाला थाने में दर्ज करवाई थी। वह राजभवन के क्वार्टर में परिवार सहित रहते हैं।

---


**सच बेधड़क**
दैनिक हिन्दी अख़बार

आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...

अख़बार में प्रकाशन के लिए ख़बर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं

news@sachbedhadak.com

पर E- Mail करें।


### यूनिवर्सिटी के बाहर छात्रों पर लाठीचार्ज



*जयपुर। प्रदेश में छात्र संघ चुनाव की मांग को लेकर गुरुवार को राजस्थान यूनिवर्सिटी के बाहर प्रदर्शन कर रहे छात्र नेताओं पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया। लाठी और थप्पड़ मारते हुए छात्र नेताओं को जबरन पुलिस वैन में बैठाया। दरअसल, यूनिवर्सिटी के बाहर सभी छात्र संगठन संयुक्त प्रदर्शन कर रहे थे। इस दौरान छात्र नेताओं और पुलिस के बीच बहस हो गई। इसके बाद पुलिस ने बल प्रयोग करते हुए उन्हें हिरासत में ले लिया।*

---

**मेंटिनेंस के कारण अलग-अलग शिफ्ट में सप्लाई होगी बाधित**

## 50 से अधिक इलाकों में आज बिजली कट

**बेधड़क** | जयपुर

राजधानी जयपुर में शुक्रवार को 50 से अधिक कॉलोनियों में बिजली बंद रहेगी। बिजली कंपनी इन इलाकों में मेंटेनेंस करेंगी, जिस कारण सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक अलग-अलग शिफ्ट में बिजली की सप्लाई नहीं हो सकेगी। सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक गिरधारीपुरा ए, बी, सी, रुची बस्ती, शक्तिधाम, मों हिंगलाज नगर सी, नेहरू नगर, एल एन नगर सी, शिव विहार डी के पास आसपास बिजली बंद



रहेगी। इसी प्रकार शिवाजी नगर, बिलाल मस्जिद, टाटा नगर, गुर्जर कॉलोनी, कल्पतरु शॉपिंग सेंटर, रेलवे कॉलोनी, पटेल नगर, सतीमाता मन्दिर, पेंटर कॉलोनी, भगवती प्लाजा, बलाई बस्ती, राणा कॉलोनी, शास्त्री नगर सर्किल, हाउसिंग बोर्ड सेक्टर 5. सुभाष नगर, धन जी पान वाला, राष्ट्रपति मैदान, बाजोरिया स्कूल, शास्त्री नगर सर्किल, शास्त्री नगर कब्रिस्तान, सिंधु नगर, मोहनदास चौक, पेंटर कॉलोनी पटेल नगर मैंन रोड, भगवती प्लाजा और आस पास सप्लाई बाधित रहेगी।

इसी तरह सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक सांगानेर क्षेत्र में- रामपुरा रोड श्री जी नगर बालाजी बिहार भेरू नगर अनीता कॉलोनी गोविन्द नगर केशर नगर, जय नगर देव नगर, प्रतापनगर क्षेत्र में महल A,C,D, E ब्लॉक और आसपास का क्षेत्र प्रभावित रहेगा। दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक चांदमारी उंडा महादेव, टिबेश्वर महादेव, नेहरु स्कूल, व्यास कॉलोनी, रावण का चौराया तेली पाडा, शिवाजी नगर, भट्टा बस्ती, सेक्टर 5, 90 फिट रोड, बिलाल मस्जिद और आस पास तथा सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक मालवीय नगर क्षेत्र में बी- ब्लॉक पार्क , लाल बहादुर नगर , गिरधर मार्ग, सुन्दर नगर और आस पास बिजली काटी जाएगी।

---

**कर्मचारियों को दी जाएगी ट्रेनिंग**

## 'बायोमेडिकल वेस्ट-मैनेजमेंट रूल्स' का पालन नहीं किया तो कार्रवाई

**बेधड़क** | जयपुर

बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स 2016 की अनुपालना नहीं करने वाले हेल्थ केयर फैसिलिटीज के विरूद्ध राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल कार्रवाई करेगा। यह जानकारी राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल के सदस्य सचिव एन विजय ने गुरुवार को समीक्षा बैठक में बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट के लिए मंडल द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में बताते हुए दी। विजय ने कहा कि राज्य में बायोमेडिकल वेस्ट के उचित प्रबंधन के लिए समस्त जिम्मेदार विभागों को अपने-अपने स्तर पर अधिक से अधिक जन जागरूकता के कार्यक्रमों को



आयोजित करने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि अगस्त माह से राज्यव्यापी स्तर पर इस तरह का अभियान चलाया जाएगा, जिसमें हेल्थ केयर फैसिलिटी में काम करने वाले कर्मचारियों को बायोमेडिकल वेस्ट के बेहतर प्रबंधन करने के लिए जिला स्तर पर ट्रेनिंग का आयोजन किया जाएगा। साथ ही स्कूलों में भी इस संबंध में बच्चों को जागरूक करने के लिए कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

### हेल्थ केयर फैसिलिटिज के लिए ऑथराइजेशन जरूरी

उन्होंने बताया कि बायो मेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स के अन्तर्गत राज्य में स्थित समस्त हेल्थ केयर फैसिलिटिज यथा अस्पताल, नर्सिंग होम्स, क्लिनिक, डिस्पेंसरी, वेटरनरी संस्थान/इकाइयां एनिमल हाउसेज, पैथोलॉजिकल लैब्स, ब्लड बैंक, क्लिनिकल संस्थान, अनुसंधान/शैक्षणिक संस्थान, अनुसंधान लैब्स, फॉरेंसिक लैब्स आदि के संचालन के लिए मंडल से ऑथराइजेशन और संचालन सम्मति प्राप्त किया जाना अनिवार्य है। जिन हेल्थ केयर फैसिलिटी का संचालन बिना मंडल से प्राधिकार और संचालन सम्मति प्राप्त किए किया जा रहा है उनके विरुद्ध राज्य मंडल द्वारा नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### समय-समय पर किया जाएगा निरीक्षण

राज्य मंडल की अधीक्षण वैज्ञानिक अधिकारी और शाखा प्रभारी (बायोमेडिकल वेस्ट) सुमन झाझड़िया ने बताया गया कि बायोमेडिकल वेस्ट से स्वास्थ्य व पर्यावरण पर होने वाले हानिकारक प्रभावों को रोकने के लिए राज्य में स्थित समस्त हेल्थ केयर फैसिलिटीज का समय-समय पर निरीक्षण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रत्येक हेल्थ केयर फैसिलिटी को जनित बायोमेडिकल वेस्ट को बार कोड मेंजमेंट सिस्टम के माध्यम से हैंडल करना होगा। बैठक के दौरान बची हुई दवाइयों और घरेलू बायोमेडिकल वेस्ट के नियमानुसार प्रबंधन करने पर भी जोर दिया गया।

## जरूरी खबर

### दरगाह शरीफ में बड़े ताजिये को किया सैराब



**अजमेर।** अजमेर दरगाह शरीफ से बुधवार रात शुरू हुई बड़े ताजिये की सवारी क्षेत्र के विभिन्न स्थानों से होती हुई गुरुवार सुबह पांच बजे दरगाह शरीफ परिसर के पीछे वाले क्षेत्र में झालरा पहुंची, जहां गमगीन माहौल में नम आखों से बड़े ताजिये को सैराब किया गया। दरगाह क्षेत्र रात से आज सुबह तक..आशिकाना-ए-हुसैन.. से आबाद रहा। बाहर से आए अकीदतमंदों ने भी ताजिये की जियारत कर दुआ मांगी। दरगाह शरीफ से बड़े ताजिये की सवारी दृष्य हुसैनी रंग में रंगा रहा। ढोल-ताशों के साथ मातमी धुन का बिगुल सबको गमजदा किए था, लेकिन धार्मिक रस्म का उत्साह भी सभी की आंखों में नजर आ रहा था।

### मुकेश की जयंती पर स्वरांजलि कार्यक्रम 21 को

**उदयपुर।** उदयपुर में भारतीय सिनेमा संगीत के महान गायक स्वर्गीय मुकेश कुमार की 101वीं जयंती की पूर्व संध्या पर शहर के सांस्कृतिक मंच सुरों की मंडली की ओर से 21 जुलाई को स्वरांजलि कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। सुरों की मंडली के संस्थापक मुकेश माधवानी एवं कार्यक्रम संयोजक ब्रजेश मिश्र ने बताया कि प्रस्तावित स्वरांजलि कार्यक्रम में सुरों की मंडली के सुर साधक 101 गीतों के द्वारा अपने महान गायक मुकेश जी को सुरों की स्वरांजलि देकर सिनेमा में उनके योगदान को याद करेंगे।

### मासूम भाई-बहन को सांप ने डंसा दोनों की मौत



**बूंदी।** अपने घर में रात को चैन से सो रहे 2 बच्चे सांप के जहर का शिकार हो गए और किसी को पता भी नहीं चला। ये दुखद हादसा बूंदी जिले के हिंडोली थाना क्षेत्र के नया गांव का है, जहां कमरे के भीतर पलंग पर सो रहे मासूम भाई-बहन की कोबरा सांप के काटने से मौत हो गई। मृतक बच्चों के पिता छीतरलाल भील ने बताया कि 13 जुलाई की रात को उनका 4 साल का बेटा रोहित और 9 महीने की बेटी भारती पलंग पर सो रहे थे। इस दौरान कोबरा सांप ने उन्हें काट लिया। बेटी की मौत उसी दिन हो गई और बेटे रोहित की भी 5 दिन बाद गुरुवार को इलाज के दौरान मौत हो गई।

## साइबर ठगी के तीन मामले में फरार बदमाश के आलीशान घर पर चला बुलडोजर

# 5000 के इनामी 'डॉन' दाऊद का तीन मंजिला मकान जमींदोज

**बेधड़क** | भरतपुर







प्रदेश के डीग जिले में पुलिस ने एक साइबर क्राइम के आरोपी दाऊद खान के घर पर बुलडोजर चला दिया। दाऊद पर कोटा और डीग जिलों में साइबर ठगी के तीन मामले दर्ज हैं और वह काफी समय से फरार था।

पुलिस ने उसके खिलाफ ऑपरेशन 'एंटी वायरस' के तहत यह कार्रवाई की है। दरअसल दाऊद पुत्र निसार नाम का यह शख्स रायपुर सुकेती गांव का रहने वाला है।

उस पर कोटा में दो और डीग में एक साइबर ठगी का मामला दर्ज है। कोटा पुलिस ने तो दाऊद को पकड़वाने वाले को 5000 रुपए का इनाम देने का भी ऐलान किया हुआ है, लेकिन दाऊद पुलिस की गिरफ्त से बचता रहा। आखिरकार, डीग पुलिस ने उसके तीन मंजिला मकान को जमींदोज कर दिया।

### ऑपरेशन 'एंटी वायरस' के तहत हुई दाऊद पर कार्रवाई

पुलिस का कहना है कि दाऊद दबंग और शातिर किस्म का है। उसने साइबर ठगी से कमाए हुए पैसे से यह आलीशान मकान बनाया था। पुलिस ने बताया कि यह कार्रवाई मार्च 2024 से चल रहे ऑपरेशन 'एंटी वायरस' का हिस्सा है, जिसके तहत साइबर अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। इस ऑपरेशन के तहत पुलिस अब तक 400 से ज्यादा साइबर ठगों को गिरफ्तार कर चुकी है।

### वन भूमि पर बना रखा था मकान

डीग के पुलिस अधिकारी आशीष कुमार ने बताया कि 'डीग जिले में साइबर क्राइम को खत्म करने के लिए ऑपरेशन एंटी वायरस चलाया जा रहा है। ऑपरेशन एंटी वायरस के अंतर्गत पुलिस थाना सीकरी क्षेत्र के गांव रायपुर सुकेती में साइबर ठग दाऊद खान के मकान पर बुलडोजर चलाया था। दाऊद ने साइबर ठगी कर अर्जित की गई राशि से सरकारी वन भूमि पर तीन मंजिला एक आलीशान मकान बनाया था। उसे ध्वस्त कर दिया गया।

### भरतपुर आईजी ने दी टीम को बधाई

दाऊद खान के मकान तोड़े जाने का वीडियो भरतपुर आईजी राहुल प्रकाश ने सोशल मीडिया एक्स पर भी शेयर किया। उन्होंने लिखा-'साइबर क्राइम, अब और नहीं...। आज की कार्यवाही के लिए SP राजेश मीना, CO आशीष, SHO मुकेश और पूरी डीग पुलिस टीम को साधुवाद।

## मानगढ़ धाम में जुटे 4 राज्यों के आदिवासियों ने मांगा अलग राज्य

# आदिवासी महारैली में उठी भील प्रदेश बनाने की मांग

**बेधड़क** | बांसवाड़ा

बांसवाड़ा स्थित मानगढ़ धाम में आयोजित आदिवासी महारैली में चार राज्यों के आदिवासी जुटे। इस महारैली में वक्ताओं ने चार राज्यों के 49 जिले मिलाकर नया भील प्रदेश बनाने की मांग की है। सभा को लेकर प्रदेश की सुरक्षा एजेंसियां भी अलर्ट रही। सुरक्षा के मद्देनजर यहां इंटरनेट बंद किया गया।

गौरतलब है कि इस आदिवासी महारैली को देखते हुए शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने आदिवासियों को लेकर दिए अपने बयान पर गुरुवार को विधानसभा में माफी भी मांगी। देश के 4 राज्यों के 49 जिले मिलाकर भील प्रदेश बनाने की मांग जोर पकड़ने लगी है। इस मांग को लेकर गुरुवार को बासंवाड़ा के मानगढ़ धाम में आयोजित महारैली में राजस्थान, मध्यप्रदेश, गुजरात और महाराष्ट्र से हजारों की संख्या में आदिवासी समाज के लोग बांसवाड़ा स्थित मानगढ़ धाम पहुंचे। इस रैली में कई सांसद-विधायक भी शामिल हुए। इसमें बांसवाड़ा-डूंगरपुर से नवनिर्वाचित सांसद राजकुमार रोत और बागीदौरा विधायक जयकृष्ण पटेल मौजूद रहे। उन्होंने कहा- भील प्रदेश की मांग नई नहीं है। बीएपी पुरजोर तरीके से यह मांग उठा रही है। उन्होंने कहा कि महारैली के बाद एक डेलीगेशन राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री से प्रस्ताव के साथ मुलाकात करेगा।

हालांकि सिर्फ आदिवासी ही नहीं, बल्कि इस कार्यक्रम में कई मुस्लिम समाज के लोगों ने भी हिस्सा लिया। इस पूरे आयोजन में बाप पार्टी के कार्यकर्ता और आदिवासी समाज इसलिए भी उत्साहित दिखा क्योंकि बांसवाड़ा लोकसभा चुनाव के साथ ही जिले की बागीदौरा विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में भी पार्टी ने झंडा गाड़ा है।

■ बाप सांसद राजकुमार रोत भी हुए महारैली में शामिल



### सरकार ने कहा- जाति के आधार पर नहीं बन सकता स्टेट

भील प्रदेश की मांग को लेकर सरकार के टीएडी मंत्री बाबूलाल खराड़ी ने कहा कि जाति के आधार पर स्टेट नहीं बन सकता। ऐसा हुआ तो अन्य लोग भी मांग करेंगे। हम केंद्र को प्रस्ताव नहीं भेजेंगे। खराड़ी ने यह भी कहा कि जिसने धर्म बदला उनको आदिवासी आरक्षण का लाभ नहीं मिलेगा। खराड़ी ने डूंगरपुर दौरे के दौरान यह बयान दिया। बांसवाड़ा-देश के 4 राज्यों के 49 जिले मिलाकर भील प्रदेश बनाने की मांग जोर पकड़ने लगी है। इस मांग को लेकर गुरुवार को बासंवाड़ा के मानगढ़ धाम में आयोजित महारैली में राजस्थान, मध्यप्रदेश, गुजरात और महाराष्ट्र से हजारों की संख्या में आदिवासी समाज के लोग बांसवाड़ा स्थित मानगढ़ धाम पहुंचे। इस रैली में कई सांसद-विधायक भी शामिल हुए। मानगढ़ धाम आदिवासियों का तीर्थ स्थल है। राज्य सरकार भील प्रदेश की मांग पहले ही खारिज कर चुकी है। बांसवाड़ा से भारत आदिवासी पार्टी (बीएपी) के सांसद राजकुमार रौत ने कहा- भील प्रदेश की मांग नई नहीं है। बीएपी पुरजोर तरीके से यह मांग उठा रही है। महारैली के बाद एक डेलीगेशन राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री से प्रस्ताव के साथ मुलाकात करेगा।

### राजनीतिक ताकत बढ़ने के बाद बाप के हौसले बुलंद

कांग्रेस के दिग्गज नेता और फिर बीजेपी ज्वॉइन करने वाले महेंद्रजीत सिंह मालवीया की सीट पर जयकृष्ण पटेल 52 हजार वोटों से जीत गए थे। बाप पार्टी ने राजनीतिक ताकत बढ़ने के बाद से ही भील प्रदेश की मांग तेज कर दी थी। भील प्रदेश की मांग कर रहे लोगों का कहना है कि जल, जमीन और जंगल पर हमारा हक है। इस क्षेत्र में पांचवी अनुसूची लागू करने की भी मांग की जा रही है।

### महिलाएं-बालिकाएं शिक्षा पर करें फोकस

आदिवासी परिवार संस्था की संस्थापक सदस्य मेनका डामोर ने मंच से कहा कि आदिवासी महिलाएं पंडितों के बताए अनुसार न चलें। आदिवासी परिवार में सिंदूर नहीं लगाते, मंगलसूत्र नहीं पहनते। आदिवासी समाज की महिलाएं-बालिकाएं शिक्षा पर फोकस करें। अब से सब व्रत-उपवास बंद कर दें। सम्मेलन में एक के बाद कई वक्ताओं ने कहा कि हमारा धर्म हिंदू नहीं है। आदिवासियों का अलग धर्म है। साथ ही भील प्रदेश की मांग दोहराई। आदिवासी परिवार के संस्थापक भंवरलाल परमार ने कहा कि इसी मानगढ़ में सौ-सवा सौ साल पहले हमारे पुरखों ने आंदोलन शुरू कर दिया था, तब 1500 लोगों को मार दिया गया। उनका क्या कसूर था? अब हमने फिर आंदोलन शुरू किया है। हमें नहीं रोक सकता। भील प्रदेश की मांग तो समय पर पूरी होगी ही। इसकी एक प्रक्रिया होती है। यह आंदोलन आदिवासी समाज को जोड़ने के लिए है। भील प्रदेश हमारे पूर्वजों की अधूरी इच्छा है। आदिवासियों के साथ हो रहा गलत व्यवहार बंद हो।

### मदन दिलावर की माफी नहीं, इस्तीफा चाहिए: रोत

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने अपने आदिवासियों के बारे में दिए गए बयान को लेकर माफी मांग ली है, मगर इसके बाद भी यह विवाद पूरी तरह से खत्म नहीं हुआ है। बांसवाड़ा-डूंगरपुर के सांसद राजकुमार रोत ने मदन दिलावर की माफी को नाकाफी बताया है और उनके इस्तीफे की मांग की है। उन्होंने कहा कि मानगढ़ धाम पर लाखों की तादाद में जमा आदिवासियों के विरोध के कारण ही दिलावर को माफी मांगनी पड़ी है। राजकुमार रोत ने कहा कि यह कहीं-ना-कहीं आदिवासियों के विरोध की वजह से ही दिख रहा है। दिलावर को अगर इस्तीफा ही देना होता तो विवाद के दो-चार दिन बाद ही माफी मांग लेते। दो महीने हो गए और आज ही के दिन उन्होंने प्रश्नकाल से पहले ही माफी मांग ली क्योंकि मानगढ़ पर लाखों की संख्या में आदिवासी समाज एकत्र हुआ था। ये माफी कहीं ना कहीं पार्टी के दबाव में मांगी गई है और हम चाहेंगे कि वह अपने पद से इस्तीफा दें।

# ट्रक ने ट्रैक्टर ट्रॉली को मारी टक्कर, मां बेटी की मौत

**बेधड़क** | भरतपुर



धौलपुर के मनियां थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 44 पर बरेठा चौकी के बोथपुरा कट पर एक ट्रक ने ट्रैक्टर-ट्रॉली पीछे से टक्कर मार दी। इससे मां-बेटी की मौत हो गई, जबकि 18 से अधिक लोग घायल हो गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गोवर्धन की परिक्रमा लगाकर ट्रैक्टर-ट्रॉली से अपने गांव लौट रहे श्रद्धालुओं की ट्रैक्टर-ट्रॉली को तेज रफ्तार एक ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी। हादसे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस घायलों को लेकर मनियां और जिला अस्पताल पहुंची। इसी दौरान रास्ते में गया देवी पत्नी गिरवर और पुत्री भूरी देवी की मौत हो गई। उनकी डैड बॉडी को मनियां और जिला अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाया गया है। शेष 18 घायलों को उनके परिजन रात को ही इलाज के लिए ग्वालियर और मुरैना के अस्पताल ले गए। घटना के बाद पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

## रावतसर में गुरुवार तड़के की घटना

# 16 लाख से भरा ATM उखाड़ ले गए बदमाश



**बेधड़क** | श्रीगंगानगर

हनुमानगढ़ जिले में मेगा हाईवे पर स्थित केनरा बैंक की शाखा भवन में लगी एटीएम मशीन को गुरुवार तड़के अज्ञात बदमाश उखाड़ ले गए। लोगों ने केनरा बैंक का एटीएम गायब देखकर पुलिस को सूचना दी। कुछ ही देर में पुलिस और बैंक के अधिकारी मौके पर पहुंचे।

जानकारी के अनुसार बदमाशों ने गुरुवार तड़के करीब तीन बजे सोलह लाख रुपए से भरे एटीएम को उखाड़ कर स्कॉर्पियो में ले गए। लूट की इस वारदात का एक सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। इसमें बदमाश इस एटीएम को ले जाते हुए दिखाई दे रहे हैं। इन सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस बदमाशों की तलाश कर रही है। एटीएम लूट की यह घटना रावतसर की है जहां मेगा हाईवे रोड पर स्थित केनरा बैंक की एटीएम को बदमाश गुरुवार तड़के उखाड़ ले गए। बदमाश काले रंग की स्कॉर्पियो गाड़ी लेकर आए। जो बगैर नंबर प्लेट नजर आ रही है। घटना का जो सीसीटीवी फुटेज सामने आया है उसमें करीब आधा दर्जन बदमाश लूट की वारदात को अंजाम देते हुए नजर आ रहे हैं। बदमाशों ने एटीएम में घुसते ही सबसे पहले सीसीटीवी कैमरों पर स्प्रे किया।

उसके बाद बदमाशों ने लूट की वारदात को अंजाम दिया। सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। लूट की जानकारी मिलने पर बैंक के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे हैं। बैंक के अधिकारियों का कहना है कि एटीएम के अंदर करीब 16 लाख रुपए रखे थे। पुलिस का मानना है कि बदमाशों ने वारदात को अंजाम देने से पहले रैकी की है।

## कोर्ट ने 21-21 हजार रुपए का जुर्माना भी किया

# बुजुर्ग की नाक काटने वाले दो संगे भाइयों को 10-10 साल की कैद

**बेधड़क** | भीलवाड़ा



खजीना गांव के एक बुजुर्ग पर हमला कर उसका नाक काटने, पत्नी व बेटे-बहू पर जानलेवा हमला करने के 11 साल पुराने मामले में आरोपित दो भाइयों दिनेश व कन्हैयालाल जाट को दस-दस साल की सजा और 21-21 हजार रुपए के जुर्माने से दंडित किया गया है।

फैसला, विशिष्ट न्यायाधीश (महिला उत्पीडऩ प्रकरण) ने सुनाया। विशिष्ट लोक अभियोजक संजू बापना ने बताया कि कोटड़ी थाने में खजीना गांव के ओमप्रकाश पुत्र देबीलाल जाट ने 21 फरवरी 2013 को रिपोर्ट दी कि वह अपने परिवार के साथ घर में था। शाम करीब 5 बजे आरोपित दिनेश व उसका भाई कन्हैयालाल पुत्र रामेश्वर जाट हमले के इरादे से घर में घुस आए। कन्हैयालाल के हाथ में कुल्हाड़ी और दिनेश के हाथ में सरिया था। इन आरोपितों ने गाली-गलौच करते हुए हमला कर दिया। आरोपित कन्हैयालाल ने परिवादी के पिता देवीलाल पर कुल्हाड़ी से हमला किया,जिससे सिर में चोट आई। खून बहने लगा। दूसरा वार कर नाक काट दिया।

दिनेश ने परिवादी की मां पर सरिये से वार किया, जिससे अंगुली पर चोट आई। सिर फोड़ दिया। परिवादी के माता-पिता को जमीन पर गिराने के बाद सरियों व कुल्हाड़ी से वार करने लगे। परिवादी ओमप्रकाश व उसकी पत्नी ने बीच-बचाव करने की कोशिश की तो आरोपितों ने उनके साथ भी मारपीट कर दी। परिवादी की पत्नी लीला के सिर में घाव होने से खून बहने लगा। इस रिपोर्ट पर कोटड़ी पुलिस ने केस दर्ज कर तफ्तीश की।

पुलिस ने जान लेवा हमले सहित अन्य धाराओं के तहत खजीना गांव के आरोपित दिनेश कुमार व कन्हैयालाल पुत्र रामेश्वर जाट को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ 30 मई 2013 को न्यायालय में चार्जशीट पेश की। न्यायालय में सुनवाई के दौरान विशिष्ट लोक अभियोजक संजू बापना ने 15 गवाहों के बयान व 23 दस्तावेज पेश कर आरोपितों पर लगे आरोप सिद्ध करवाए। सुनवाई पूरी होने पर न्यायालय ने आरोपित भाइयों दिनेश व कन्हैयालाल जाट को जानलेवा हमले के आरोप में दस-दस साल की कैद और 21-21 हजार रुपये के जुर्माने से दंडित किया।

### पांच सौ रुपए के लिए युवक की हत्या

**श्रीगंगानगर।** श्रीगंगानगर में सदर थाना अंतर्गत में संता सिंह सिटी कॉलोनी में सिर्फ 500 रुपए के लेनदेन के विवाद में एक युवक की कटार मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस के मुताबिक चक 9-जेड निवासी अर्जुन सिंह उर्फ गौरी मजहबी सिख (20) को दो अज्ञात व्यक्ति बीती रात को मृत अवस्था में जिला अस्पताल में लेकर आए। उसकी गर्दन और सीने पर तेज धार वाले हथियार के वार लगे हुए थे। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने बताया कि अर्जुनसिंह के पिता जसवंतसिंह द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर रमन, रोहित, रिंकू, देवीसिंह आदि युवकों पर कत्ल के आरोप में केस दर्ज किया गया है।

### आपसी विवाद में भाइयों ने किया हमला, एक की मौत

**बाड़मेर।** जिले में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में हुए खूनी संघर्ष में एक व्यक्ति की मौत हो ग। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने शव कब्जे में लेकर अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। पुलिस ने इस मामले में दो लोगों को हिरासत में भी लिया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जसाराम बोस ने बताया कि जिले के आकोड़ा गांव में गुरुवार दोपहर को गोचर भूमि पर मवेशी चरा रहे 52 वर्षीय फतेह सिंह पर उनके चचेरे भाइयों सहित कुछ अन्य लोगों ने मिलकर लाठी डंडों से हमला कर दिया। फतेह सिंह के चीखने चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक हमलावर फरार हो चुके थे। लोग गंभीर घायल अवस्था में फतेह सिंह को चौहटन अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर, घटना की जानकारी मिलने पर चौहटन थानाधिकारी पदमाराम मय पुलिस टीम के मौके पर पहुंचे और मौका मुआयना किया। घटना की गंभीरता को देखते हुए चौहटन उपाधीक्षक कृतिका यादव भी मौके पर पहुंची। पुलिस ने एफएसएल टीम को मौके पर बुलाकर साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने हमलावरों की तलाश शुरू कर दी।

### आरआईसी में आज होगी 'यशस्विनी' जागरूकता अभियान की शुरुआत

# एमएसएमई सेक्टर में महिला उद्यमियों को मिलेगा बढ़ावा

**बेधड़क** | जयपुर

महिला उद्यमियों को बढ़ावा देने के लिए पहले "यशस्विनी" जागरूकत्ता अभियान की शुरूआत जयपुर से होने जा रही है। झालाना स्थित राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में सुबह 9 बजे से कार्यक्रम होगा। यह जानकारी भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु, और मध्यम उद्यम मंत्रालय की निदेशक अंकिता पांडे ने गुरुवार को यहां आयोजित पत्रकार वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा होंगे। वहीं केंद्रीय एमएसएमई मंत्री जीतन राम मांझी कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। इस अवसर पर केंद्रीय एमएसएमई राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे और राजस्थान सरकार के उद्योग और वाणिज्य मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ विशिष्ट अतिथि होंगे। अंकिता पांडे ने बताया कि कार्यक्रम में 600 से अधिक महिला उद्यमी, विशेष रूप से स्वयं सहायता समूहों के सदस्य, सूक्ष्म अनौपचारिक उद्यमी, कारीगर और भावी महिला उद्यमी भाग लेंगी। प्रेस वार्ता में केवीआईसी के क्षेत्रीय निदेशक राहुल मिश्रा तथा एनएसआईसी के उप महाप्रबन्धक डीडी माहेश्वरी शामिल हुए।




### 15 से अधिक लगेंगी स्टाल्स

एमएसएमई विकास कार्यालय, जयपुर के कार्यालय प्रमुख गौरव जोशी ने बताया कि इन संगठनों के 15 से अधिक स्टाल लगाए जाएंगे, जहां महिला उद्यमियों को पंजीकरण पोर्टल के माध्यम से नेविगेट करने और सहायता के लिए खुद को पंजीकृत करने में सहायता प्रदान की जाएगी। स्टॉलों पर इन संगठनों की सभी जानकारी और पहल प्रदर्शित की जाएंगी। पहल को आगे बढ़ाने के लिए, प्रतिभागियों को क्षमता निर्माण, पंजीकरण, वित्तीय और डिजिटल साक्षरता और हैंड-होल्डिंग, जीईएम और सीपीएसई की निविदाओं में भागीदारी, ई-कॉमर्स के लिए ओएनडीसी प्लेटफॉर्म पर ऑन-बोर्डिंग आदि की आवश्यकता होगी।

### विभिन्न योजनाओं के बारे में दी जाएगी जानकारी

अभियान के तहत उद्यम पोर्टल और उद्यम असिस्ट प्लेटफॉर्म के साथ पंजीकरण, सरकार और अन्य संगठनों के ऋण, बाजार और क्षमता निर्माण कार्यक्रमों तक पहुंच पर जागरूकता सृजन सत्र आयोजित किए जाएंगे। प्रतिभागियों को केंद्र और राज्य सरकार के निकायों जैसे एमएसएमई मंत्रालय, ग्रामीण विकास मंत्रालय, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, राज्य उद्योग और वाणिज्य विभाग, राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम, खादी और ग्रामोद्योग आयोग, सरकार के ई-मार्केट प्लेस (GEM), SIDBI, CGTMSE, वाणिज्यिक बैंक आदि के साथ बातचीत करने का मौका मिलेगा।

### महिला उद्यमियों को औपचारिक क्षेत्र में लाना है उद्देश्य

अभियान का उद्देश्य महिलाओं द्वारा आर्थिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करना और उन्हें औपचारिक क्षेत्र में लाना है कि ताकि वे एमएसएमई को बढ़ावा देने के लिए सरकार की विभिन्न योजनाओं को लाभ ले सके। इससे पूर्व गत 27 जून को अंतराष्ट्रीय एमएसएमई दिवस के अवसर पर एमएसएमई मंत्री ने यशस्विनी अभियान की शुरूआत की थी। अभियान के तहत चालू वित्त वर्ष में 1 लाख महिला उद्यमियों को जोड़ना है।

## Yuva स्टोरीज

### सुबोध महिला कॉलेज में छात्राओं ने पौधारोपण कर ली सुरक्षा की शपथ



**बेधड़क** | जयपुर

एसएस जैन सुबोध पीजी महिला महाविद्यालय में गुरुवार को मुख्यमंत्री के "हरियालो राजस्थान" मिशन के तहत एक पेड़ मां के नाम अभियान किया गया। इसका उद्देश्य राजस्थान को हरा-भरा रखना है। महाविद्यालय के संयोजक विनय चन्द डागा तथा प्राचार्या डॉ. रेनू जोशी के नेतृत्व में महाविद्यालय व्याख्याताओं, छात्राओं और अन्य स्टाफ सदस्यों ने महाविद्यालय तथा महाविद्यालय के आसपास पौधारोपण किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रेनू जोशी, उप प्राचार्या डॉ. इंदु शर्मा ने स्वयंसेविकाओं के साथ मिलकर के पेड़ लगाए तथा छात्रों को शपथ दिलाई कि वे लगाए गए पेड़ों का सदैव ध्यान रखेंगे और पर्यावरण को हरा भरा बनाएं रखने में पूर्ण सहयोग करेंगे तथा लगाए गए वृक्षों में आम, जामुन, गुड़हल, हरिसिंगार जैसे फल, फूलदार पेड़ लगाए गए। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विजय लक्ष्मी मिश्रा, नेहा वार्ष्णेय तथा रचना नागर उपस्थित रहे।

### कानोड़िया पीजी महिला कॉलेज मनाएगा 60वां स्थापना दिवस

**जयपुर**। महिला शिक्षा एवं महिला सशक्तीकरण के क्षेत्र में अपनी विशेष पहचान रखने वाला और 1965 में स्थापित कानोड़िया पी जी महिला महाविद्यालय शुक्रवार को अपना साठवां स्थापना दिवस मनाने जा रहा है। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सीमा अग्रवाल ने बताया कि इस अवसर पर छात्राओं को महाविद्यालय के स्वर्णिम इतिहास से परिचय करवाया जाएगा एवं महाविद्यालय की पूर्व छात्राओं से संवाद और विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे।

### शिक्षक संघ (सियाराम) 31 से निकालेगा शिक्षक जागृति यात्रा




**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान शिक्षक संघ (सियाराम) के मुख्य महामंत्री एवं संघर्ष समिति संयोजक नवीन कुमार शर्मा की अध्यक्षता में और मुख्य संरक्षक, प्रशासनिक अधिकारी सियाराम शर्मा के सानिध्य में बैठक आयोजित हुई। संयोजक नवीन कुमार शर्मा ने बताया कि संगठन की प्रदेश इकाई के द्वारा चरणबद्ध तरीके से विभिन्न स्तरों पर प्रदेश, जिला एवं ब्लॉक शाखाओं द्वारा राज्य सरकार के मंत्रियों एवं जनप्रतिनिधियों तथा प्रशासनिक अधिकारियों को शिक्षकों की 25 सूत्रीय मांगों के समर्थन में ज्ञापन देने एवं विभिन्न समस्याओं के तत्काल निराकरण के लिए बड़े स्तर पर राज्य व्यापी आंदोलन शुरू किया जा रहा है। संघर्ष समिति सचिव एवं प्रदेश महामंत्री रामदयाल मीना ने बताया की आगामी 31 जुलाई से 31 अगस्त तक जिला मुख्यालयों पर शिक्षक जागृति यात्रा निकालने का निर्णय लिया है। जागृति यात्रा जयपुर से प्रारम्भ होगी और इसको लेकर 24 जुलाई को जयपुर में प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया जाएगा। प्रदेश प्रवक्ता मुकेश कुमार मीणा ने बताया कि मांग पत्र में राजस्थान के सभी संवर्ग के शिक्षकों को केंद्र समान वेतन, तृतीय श्रेणी शिक्षकों का स्थानांतरण आदि मांगें रखी गई है। बैठक में मुख्य संरक्षक एवं प्रशासनिक अध्यक्ष सियाराम शर्मा, भगवत डांगी प्रदेश उपाध्यक्ष अजमेर बनवारी लाल सैनी संस्कृत अध्यक्ष एवं रामस्वरूप वर्मा जिलाध्यक्ष जयपुर उपस्थित रहे।

### विधानसभा में तबादलों को लेकर सरकार का बयान

# तृतीय श्रेणी शिक्षकों को फिर निराशा, अभी नहीं होंगे तबादले

**बेधड़क** | जयपुर

राज्य सरकार ने विधानसभा में स्थानांतरण के सवाल पर प्रदेश में अभी सभी तरह के तबादलों पर रोक के साथ तृतीय श्रेणी अध्यापकों तबादले नहीं करने का बयान दिया है। वहीं तृतीय श्रेणी शिक्षकों के तबादले नीति बनने और उस पर सुझाव लेने के बाद ही करने को कहा था। सरकार के इस जवाब से लंबे समय से तबादले का इंतजार कर रहे तृतीय श्रेणी शिक्षको सहित उनके परिजनों को निराशा हाथ लगी है। दरअसल विधानसभा में कहा कि फिलहाल तृतीय श्रेणी के तबादले खोले जाने का प्रस्ताव विचाराधीन नही है। राज्य के शिक्षा विभाग के अधीन कार्यरत प्रबोधक व तृतीय श्रेणी शिक्षकों के 2018 यानी छह वर्षो के बाद भी तबादलों पर से रोक नहीं हटने से राज्य भर में अपने जिले या घर के पास तबादला करवाने की उम्मीद पाले हजारों शिक्षक व उनके परिजनों परेशान है। राज्य सरकार की ओर से शिक्षकों के तबादले शुरू करने की शिक्षक लंबे समय से प्रतीक्षा कर रहे हैं। पूर्व कांग्रेस सरकार ने अगस्त 2021 में तृतीय श्रेणी शिक्षको से ऑनलाइन आवेदन भरवाएं थे। जिसमें राज्य भर के 85 हजार तृतीय श्रेणी शिक्षकों ने ऑनलाईन आवेदन किए, लेकिन पूर्व सरकार ने नई नीति बनाकर तबादले करने की कह कर तबादले नहीं किए। इससे प्रदेश भर में ऑनलाइन किए लगभग 85 हजार शिक्षकों के आवेदन रद्दी की टोकरी में चल गए।



### 35 माह से तबादले की आस

शिक्षक नेता मोहर सिंह सलावद का कहना है कि 35 माह पूर्व तृतीय श्रेणी शिक्षकों के लिए जब आवेदन लिए तब नई तबादला नीति के अन्तर्गत करने और जिले के अंदर स्थानांतरण से जुड़ी घोषणा की गई। इससे शिक्षकों में उम्मीद जगी, किंतु तब भी जिले में ही तृतीय श्रेणी शिक्षकों की रोक ने उम्मीद की रोशनी को करीब बुझा ही दिया है। साथ ही तृतीय श्रेणी शिक्षकों के तबादले नहीं किए गए। जबकि दूसरी और शिक्षा विभाग में ही प्रधानाचार्य,व्याख्याताओं और वरिष्ठ अध्यापकों, उप प्राचार्य के बंफर तबादले किए गए।

### इनका कहना है

"पूर्व सरकार के कार्यकाल में अगस्त 2021 में राज्य भर से 85 हजार तृतीय श्रेणी शिक्षकों ने शाला दर्पण के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन किए। लेकिन इनके तबादले नहीं किए गए। राज्य के तृतीय श्रेणी शिक्षक 35 माह से सूची का इन्तजार कर रहे है। इसलिए राज्य सरकार से मांग है कि राज्य में टीएसपी और नॉन टीएसपी दोनों क्षेत्र में कार्यरत तृतीय श्रेणी शिक्षको के तबादले जल्द किए जाए।

**मोहर सिंह सलावद,**
प्रदेशाध्यक्ष, शिक्षक संघ,
रेसटा राजस्थान

### व्याख्याता-वरिष्ठ अध्यापकों के तबादले इन्हें है तबादले का इंतजार

बीकानेर, बांसवाड़ा सहित डार्क जोन के दस जिलों में कार्यरत गैर अनुसूचित क्षेत्र के मूल निवासी शिक्षकों के नसीब में मानो इंतजार ही लिखा है। इन जिलों में कार्यरत तृतीय श्रेणी शिक्षक बीते दो दशक से अधिक समय से अपने गृह जिले में तबादले या रिक्त पदों पर समायोजन की बाट जोह रहे हैं ओर घर वापसी का इंतजार कर रहे हैं।

### सरकार ने विकल्प पत्र भरवाए, नहीं की कोई कार्रवाई

1999 से पहले प्रदेश के दस जिलों बांसवाड़ा, डूंगरपुर, जालौर, प्रतापगढ़, बाड़मेर, झालावाड़, सिरोही, बारां, बीकानेर और जैसलमेर को राज्य सरकार ने डार्क जोन के जिले घोषित किए थे। डार्क जोन में आने वाले शिक्षकों के तबादलों पर पूरी तरह से प्रतिबंध था। 2014 में बांसवाड़ा, डूंगरपुर और प्रतापगढ़ जिले पूर्ण अनुसूचित तथा उदयपुर, चित्तौड़गढ़, पाली का कुछ क्षेत्र भी इसमें सम्मिलित किया। इन शिक्षकों की ओर से तबादले चाहने पर सरकार ने विकल्प पत्र भरवाए, किंतु कोई कार्रवाई नहीं हुई। राजस्थान में 65 हजार से अधिक सरकारी स्कूलों में लगभग 2 लाख 16 हजार 889 तृतीय श्रेणी शिक्षक पढ़ा रहे है।

# RAS मुख्य परीक्षा में शामिल करने के लिए लगी सभी अपीलें खारिज

**बेधड़क** | अजमेर

राजस्थान उच्च न्यायालय खंडपीठ जयपुर ने आरएएस मुख्य परीक्षा में सम्मिलित किए जाने के लिए लगाए गए सभी अपीलों को खारिज कर दिया गया है। इसके लिए खंड पीठ लगातार सुनवाई गत 12, 16 तथा 18 जुलाई को नियत की गई थी। आयोग की ओर से मुख्य परीक्षा नियंत्रक आशुतोष गुप्ता तथा कुंजी वैधता अनुभाग के अधिकारियों ने न्यायालय में उपस्थित रहते हुए तथ्यात्मक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए पक्ष रखा था। आयोग सचिव रामनिवास मेहता ने बताया कि न्यायालय द्वारा अपने निर्णय में यह भी उल्लेखित किया है कि अपील करने वाले 569 अभ्यर्थियों में से 476 अभ्यर्थियों ने आयोग द्वारा उत्तर कुंजी पर आपत्ति दर्ज कराने के लिए दिए गए अवसर पर किसी भी प्रकार की आपत्ति आयोग के समक्ष दर्ज नहीं कराई गई थी। ऐसे याचिका कर्ताओं को मुख्य परीक्षा में सम्मिलित करने से पूरी परीक्षा प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है। उल्लेखनीय है कि इस प्रारंभिक परीक्षा के 150 प्रश्नों में से 90 प्रश्नों को आधार बनाकर दायर की गई सभी अपीलों में दायर स्टे प्रार्थना पत्र को न्यायालय की खंडपीठ द्वारा खारिज किया गया है। इससे पूर्व माह मार्च 2024 में एकलपीठ के द्वारा भी 569 अभ्यर्थियों द्वारा लगाई गई 34 रिटों को खारिज किया गया था।

### फैक्ट शीट

आरपीएससी ने 28 जून 2023 को यह भर्ती निकाली। आयोग द्वारा प्रारंभिक परीक्षा का आयोजन 1 अक्टूबर 2023 को किया गया। इसमें 4 लाख 58 हजार अभ्यर्थी सम्मिलित हुए। परीक्षा उपरांत आयोग ने मॉडल उत्तरकुंजी जारी कर प्रश्नों पर आपत्तियां मांगी गई। निर्धारित अवधि दौरान आयोग को कुल 2200 अभ्यर्थियों की आपत्तियां प्राप्त हुई। आपत्तियों का परीक्षण विषय विशेषज्ञों से करवाने के बाद प्राप्त सलाह अनुसार 5 प्रश्न विलोपित तथा 3 प्रश्नों के उत्तर परिवर्तित किए गए। 20 अक्टूबर 2023 को आरएएस प्री परीक्षा-2023 का परिणाम जारी किया गया।

### 151 पौधों का वितरण, दिलाया पर्यावरण बचाने का संकल्प



**बेधड़क** | जयपुर

राउमावि आरसी (नगर) के प्रधानाचार्य राधामोहन गुप्ता और वृक्ष मित्र एवं भामाशाह हरगोविन्द शर्मा की ओर से विद्यालय में 151 छायादार पौधों का वितरण किया गया। प्रधानाचार्य राधामोहन गुप्ता ने इस अवसर पर कहा कि "यह पहल हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए एक छोटा सा कदम है।" पर्यावरण मित्र एंव भामाशाह हरगोविन्द शर्मा ने कहा कि पौधारोपण से पर्यावरण को बहुत फायदा होगा। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह के साथ पौधों को अपनाया और उन्हें अपने घरों में लगाने का संकल्प लिया। ग्रामवासियों ने भी इस पहल का स्वागत किय। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ दिगम्बर सिह, ज्योति मित्तल, तेजसिंह जी, शा शि लालाराम सैनी, पपीता कुमारी आंगन बाडी कार्यकर्ता विमला देवी ग्राम की अन्य महिलाएं उपस्थित रही।

### प्रोफेसर वैद्य बनवारी लाल गौड़ को डी लिट् मानद उपाधि

**बेधड़क** | जयपुर



डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन् राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर में आयोजित सप्तम दीक्षांत समारोह में कुलाधिपति एवं राज्यपाल कलराज मिश्र ने राष्ट्रपति सम्मानित वैद्य बनवारी लाल गौड़ को डी लिट् उपाधि से विभूषित किया। प्रोफेसर गौड़ के आयुर्वेदीय चिकित्सा, लेखन, शिक्षण एवं अनुसंधान के क्षेत्र में किए गए विशिष्ट कार्यों के फलस्वरूप आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर की ओर से पहली बार यह उपाधि उनको प्रदान की गई है। प्रो कमलेश शर्मा ने बताया कि डी लिट् उपाधि दिए जाने के प्रबंध मंडल के प्रस्ताव को कुलाधिपति ने स्वीकृत कर प्रोफेसर गौड़ को यह उपाधि दिए जाने का अनुमोदन किया। आयुर्वेद एवं संस्कृत के क्षेत्र में किए गए विशिष्ट कार्यों के फलस्वरूप इससे पूर्व प्रोफेसर गौड़ को अनेक पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है।

**डिस्कशन** | वीजीयू में 5 दिवसीय एफडीपी में कार्यवाहक वीसी प्रो. संतोष कुमार ने कहा...

# परिणाम आधारित एजुकेशन पद्धति से जुड़ें शिक्षक

**बेधड़क** | जयपुर




एआईयू-वीजीयू-एएडीसी ने बुधवार को विवेकानन्द ग्लोबल यूनिवर्सिटी (वीजीयू), जयपुर में "परिणाम आधारित शिक्षा" पर अपने 5 दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम (एफडीपी) का उद्घाटन किया। यह एआईयू-वीजीयू-एएडीसी द्वारा आयोजित वर्तमान सत्र में छठा एफडीपी है, जो शैक्षिक ढांचे और संकाय विकास में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए संस्थान के समर्पण को दर्शाता है। वीजीयू के कार्यवाहक अध्यक्ष प्रोफेसर संतोष कुमार ने इस अवसर पर एक प्रेरणादायक उद्घाटन भाषण दिया, जिसमें प्रतिभागियों को शैक्षणिक पाठ्यक्रम और मूल्यांकन मानकों को बढ़ाने के लिए परिणाम आधारित शिक्षा पद्धतियों के साथ गहराई से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित किया गया। उन्होंने संकाय सदस्यों को आधुनिक शैक्षिक प्रथाओं के लिए आवश्यक उपकरणों से लैस करने में ऐसे कार्यक्रमों के महत्व पर प्रकाश डाला। एर. वीजीयू के सीईओ ओंकार बागरिया ने लर्निंग आउटकम आधारित पाठ्यचर्या ढांचे पर एक व्यावहारिक सत्र आयोजित किया, इसमें सीखने के परिणामों के अनुरूप प्रभावी शैक्षिक ढांचे को डिजाइन करने और लागू करने के महत्वपूर्ण पहलुओं पर ध्यान केंद्रित किया गया।

### शैक्षणिक विकास और नवाचार को मिलेगा बढ़ावा

वीजीयू के प्रो. प्रेसिडेंट (आरए) प्रोफेसर डीवीएस भगवानुलु ने शैक्षिक प्रक्रिया में स्पष्ट, मापने योग्य परिणामों के महत्व पर जोर देते हुए कार्यक्रम परिणाम (पीओ) और पाठ्यक्रम परिणाम (सीओ) तैयार करने के मौलिक सिद्धांत प्रस्तुत किए। इस व्यापक कार्यक्रम से लगभग 45 प्रतिभागियों को लाभ मिलेगा, जिसमें व्यावहारिक सत्र, समूह अभ्यास और प्रस्तुतियाँ शामिल हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य संकाय सदस्यों को उनके संबंधित संस्थानों में परिणाम आधारित शिक्षा को लागू करने और बनाए रखने के लिए व्यावहारिक कौशल और ज्ञान दान करना है, जिससे शैक्षणिक विकास और नवाचार के लिए एक सहयोगी वातावरण को बढ़ावा मिल सके।

# अब तो मजहब कोई ऐसा भी चलाए जाए...




जाहिद खान
स्वतंत्र टिप्पणीकार


गीतकार, कवि गोपाल दास 'नीरज' का नाम हिन्दी के उन कवियों में शुमार किया जाता है, जिन्होंने मंच पर कविता और गीतों को नई बुलंदियों तक पहुंचाया। उनकी आवाज़ और गीतों का जादू श्रोताओं के सिर चढ़कर बोलता था। जब वे अपनी विरल स्वर लहरी में गीत पढ़ते, तो सुनने वालों के ज़ेहन पर नशा सा तारी हो जाता। श्रोता मदहोश हो जाते। भाव अतिरेक में झूमने लगते। ज्यों-ज्यों नीरज के गीतों को सुनते, उनकी प्यास और भी ज़्यादा बढ़ती जाती। शंहशाहे-तरन्नुम शायर जिगर मुरादाबादी तक नीरज की आवाज के शैदाई थे। देहरादून के एक मुशायरे में, जिसकी सदारत जिगर मुरादाबादी ख़ुद कर रहे थे, जब उन्होंने नीरज की कविता सुनी, तो एक के बाद एक उन्होंने उनसे उनकी तीन कविताएं पढ़वाईं और हर कविता के बाद नीरज की पीठ ठोककर यह कहा, 'उम्रदराज़ हो इस लड़के की। क्या पढ़ता है, जैसे नगमा गूंजता है।' जिगर साहब की दुआओं का ही असर था कि नीरज लंबे समय तक जिए और अपने नगमों से लोगों का मनोरंजन और उन्हें जीवन की नई सीख देते रहे। एक दौर ऐसा भी रहा, जब नीरज का नाम कवि सम्मेलन के सौ फीसदी कामयाब होने की गारंटी माना जाता था। सात दशकों तक वे लगातार कवि सम्मेलन मंचों पर छाए रहे। उनको सुनकर देश की चार पीढ़ियां जवान हुईं।

जब नीरज नवीं कक्षा के छात्र थे, तब उन्होंने अपनी पहली कविता कवि सोहन लाल द्विवेदी की अध्यक्षता में एटा के कवि सम्मेलन मंच पर पढ़ी और यह सिलसिला जिंदगी के आखिर तक जारी रहा। कवि सम्मेलनों की वे आन, बान और शान थे। उनकी मौजूदगी भर से मंच की गरिमा बढ़ जाती थी। नीरज की शुरुआती ज़िंदगी काफी संघर्षपूर्ण रही। बचपन में ही उनके सिर से पिता का साया छिन गया। जीवनयापन के लिए पढ़ाई के साथ-साथ उन्होंने कई छोटी-मोटी नौकरियां कीं। मेरठ और अलीगढ़ के कॉलेज में हिन्दी विभाग के प्राध्यापक भी रहे। लेकिन उनका जी गीतों में ही बसता था। बाद में सब कुछ छोड़-छाड़ के वे गीत के ही हो लिए। गीत उनकी जिंदगी थे। दीगर कवि, गीतकारों की तरह कवि सम्मेलनों के सर्वोच्च मुक़ाम तक पहुंचने में नीरज को ज्यादा संघर्ष नहीं करना पड़ा। साल 1942 में दिल्ली में एक कवि सम्मेलन था, नीरज की जब बारी आई, तो उनके गीत और आवाज का कुछ ऐसा जादू हुआ कि श्रोता वंस मोर-वंस मोर चिल्लाने लगे। उसके बाद उन्होंने और भी कई कविताएं और गीत सुनाए और सबका समान असर हुआ। इस कवि सम्मेलन के बाद, उनकी मकबूलियत पूरे मुल्क में फैल गई। थोड़े से ही अरसे में वे हरिवंश राय बच्चन, गोपाल सिंह 'नेपाली', बलबीर सिंह 'रंग', देवराज दिनेश, रामअवतार त्यागी, बालकृष्ण शर्मा 'नवीन', वीरेन्द्र मिश्र, रामधारी सिंह 'दिनकर' जैसे अग्रिम पंक्ति के गीतकारों में शामिल हो गए।



**गीतकार नीरज का स्मृति दिवस**

*"दीगर कवि, गीतकारों की तरह कवि सम्मेलनों के सर्वोच्च मुक़ाम तक पहुंचने में नीरज को ज्यादा संघर्ष नहीं करना पड़ा। साल 1942 में दिल्ली में एक कवि सम्मेलन था, नीरज की जब बारी आई, तो उनके गीत और आवाज का कुछ ऐसा जादू हुआ कि श्रोता वंस मोर-वंस मोर चिल्लाने लगे।"*

साल 1944 में शिमला में गांधी-जिन्ना सम्मेलन के बाद नीरज ने एक गीत लिखा, 'आज मिला है गंगा जल, जल दमदम का।' जाहिर है कि अपने अलग तरह के भाव और विचारभूमि के चलते गीत काफी लोकप्रिय हुआ। यह गीत जब वे दिल्ली के एक कवि सम्मेलन मंच पर पढ़ रहे थे, तो उनका यह गीत सुनकर मशहूर शायर हफीज जालंधरी, जो कि उस वक्त 'साइंस पब्लिसिटी ऑर्गेनाइजेशन' में डायरेक्टर थे, बहुत मुतास्सिर हुए। उन्होंने नीरज को अपने महकमे में नौकरी की पेशकश की, जिसे नीरज ने मंजूर कर लिया। इस नौकरी में नीरज की जिम्मेदारी थी कि वे गीतों के माध्यम से सरकारी योजनाओं का प्रचार करें। इस काम के तहत देश में जगह-जगह सम्मेलन हुए। जिसमें उन्होंने अपने गीतों के जरिए जनता के बीच जागरूकता फैलाई। मशहूर शायर हफीज जालंधरी की संगत में आकर, नीरज का झुकाव गजल के जानिब हुआ। उर्दू के कई नामचीन शायरों से वे मिले। इसका असर यह हुआ कि वे गजल भी लिखने लगे। गीत की तरह उनकी गजलों ने भी कमाल दिखाया। नीरज कवि सम्मेलनों के साथ-साथ मुशायरों में भी बुलाए जाने लगे। यहां भी वे कवि सम्मेलनों की तरह कामयाब रहे। उनकी एक नहीं, कई ऐसी गजलें हैं, जो आज भी हमें गुनगुनाने को मजबूर करती हैं। सीधी-साधी जबान में लिखी गई, इन गजलों में ज़िंदगी का एक बड़ा फलसफा छिपा हुआ है।'हम तेरी चाह में ऐ यार वहां तक पहुंचे/होश ये भी न जहां है कि कहां तक पहुंचे।', 'तमाम उम्र मैं एक अजनबी के घर में रहा/सफर न करते हुए भी किसी सफर में रहा।', 'अब तो मजहब कोई ऐसा भी चलाए जाए/जिसमें इंसान को इंसान बनाया जाए।'

साल 1955 में नीरज ने अपना कालजई गीत 'कारवां गुजर गया, गुबार देखते रहे.....' लिखा, यह गीत, उन्होंने पहली बार लखनऊ रेडियो स्टेशन से पढ़ा। गीत रातों-रात पूरे देश में लोकप्रिय हो गया। इस गीत की लोकप्रियता का आलम यह था कि हर कवि सम्मेलन या मुशायरे में श्रोता इसी गीत की बार-बार फरमाइश करते थे। सच बात तो यह है कि मंचीय कविता को नीरज ने नई ऊंचाइयां प्रदान की। उन्होंने कविता की एक अलग मंचीय भाषा का अविष्कार किया, जो कि न तो पूरी तरह से हिन्दी है और न ही उर्दू।

नीरज ने लंबी ज़िंदगी जी, सैकड़ों अर्थपूर्ण गीत लिखे और अपने गीतों से पाठको और श्रोताओं को नये संस्कार दिए। नीरज आज भले ही हमारे बीच नहीं हैं लेकिन उनका एक नहीं, अनगिनत गीत ऐसे हैं जो श्रोताओं और पाठकों के ज़ेहन में कल भी ज़िंदा थे, आज भी ज़िंदा हैं और आगे भी रहेंगे। 'चुप-चुप अश्क बहाने वालो/मोती व्यर्थ लुटाने वालो/कुछ सपनों के मर जाने से/जीवन नहीं मरा करता है।'

***(ये लेखक के अपने विचार हैं)***

## गरीबों के लिए संजीवनी साबित हो रही आयुष्मान योजना

# सामाजिक सुरक्षा का विस्तार जरूरी




अरविंद जयतिलक
स्वतंत्र टिप्पणीकार


*"सामाजिक सुरक्षा के तहत रोजगार सृजन और गरीबी उन्मूलन रणनीति के तहत सरकार द्वारा स्वरोजगार योजना और दिहाड़ी रोजगार योजना चलाया जा रहा है। खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग को संशोधित कर लघु एवं ग्रामीण उद्योगों के जरिए ज्यादा से ज्यादा रोजगार सृजन करने के लिए सुनिश्चित किया गया है। असंगठित क्षेत्र को सामाजिक सुरक्षा से लैस करने के लिए राष्ट्रीय उद्यम आयोग की स्थापना एक पारदर्शी निकाय के रूप में की गई है।"*

भारत एक लोकतांत्रिक व कल्याणकारी राज्य है। ऐसे में सरकार की जिम्मेदारी है कि वह अपने नागरिकों को बेहतर सामाजिक सुरक्षा मुहैया कराए। निःसंदेह सरकार द्वारा अपने नागरिकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने की ढेरों योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं, लेकिन बढ़ती जनसंख्या के कारण इसे विस्तार देने की जरूरत है। सामाजिक सुरक्षा का अभिप्राय ऐसी सभी सेवाओं, साधनों और सुविधाओं से हैं जो नागरिकों को दी जाती है जिससे उनका जीवन स्तर बेहतर होता है। सामाजिक सुरक्षा श्रम कल्याण का एक मुख्य संघटक है और उसे निरंतर विकास प्रक्रिया के एक अंग के रूप में देखा जाता है। सामाजिक सुरक्षा वैश्वीकरण और उसके कारण होने वाले संरचनात्मक और तकनीकी परिवर्तनों से उपजी चुनौतियों से निपटने में अधिक सकारात्मक रवैए के निर्माण में सहायता प्रदान करती है।

सामाजिक सुरक्षा में यह परिकल्पना की जाती है कि नागरिकों की सभी प्रकार के सामाजिक जोखिमों से रक्षा की जाएगी जो उनकी बुनियादी आवश्यकताओं की पूर्ति में अनावश्यक मुश्किलें उत्पन्न करती हैं। यह सच्चाई है कि कर्मगारों के पास बीमारी, दुर्घटना, वृद्धावस्था, रोग और बेरोजगारी आदि के कारण उत्पन्न जोखिमों का सामना करने के लिए पर्याप्त वित्तीय संसाधन नहीं होता है और संकट के समय में उनकी सहायता करने के लिए जीविका का वैकल्पिक साधन का अभाव होता है। इसलिए कर्मगारों को सामाजिक सुरक्षा देना राज्य का दायित्व है। 19 वीं शताब्दी के अंत तक अधिकांश राज्य अपने को पुलिस राज्य रखकर ही संतुष्ट थे। उनका मुख्य काम शांति व व्यवस्था कायम रखना था। वे सामाजिक सुरक्षा का कार्य व्यक्तियों और व्यक्तियों के समूहों के जिम्मे छोड़ रखे थे, लेकिन धीरे-धीरे राज्य के स्वभाव में बुनियादी बदलाव आया और उसकी प्राथमिकता में सामाजिक सुरक्षा की औपचारिक व्यवस्था शीर्ष पर हो गई। लॉयड जार्ज के प्रथम मंत्रित्व काल में इंग्लैंड की सरकार ने सामाजिक सुरक्षा के तहत सामाजिक बीमा चालू किया, जिसके तहत बूढ़े, अवकाश प्राप्त व्यक्ति, विधवाएं और बेरोजगार लाभ उठाते हैं। इस योजना के अंतर्गत स्कूल में बच्चों को दूध देने, गर्भवती और दूध पिलाने वाली महिलाओं को दूध और विशेष भोजन देने, निःशुल्क डॉक्टरी सहायता और निःशुल्क माध्यमिक शिक्षा और उच्चतर शिक्षा के लिए अच्छी छात्रवृत्तियों की व्यवस्थाएं की गई हैं। गौर करें तो संपूर्ण यूरोपीय देशों में विस्तृत सामाजिक सुरक्षा लागू है। संयुक्त राज्य अमेरिका में भी जनता को लाभ पहुंचाने संबंधी विस्तृत सामाजिक सुरक्षा योजनाएं चालू हैं।




भारतीय संदर्भ में सामाजिक सुरक्षा एक समग्र अधिगम है जिसका निर्माण व्यक्ति को आर्थिक अभाव से बचाने और व्यक्ति के खुद के लिए तथा उसके आश्रितों के लिए, उन्हें आर्थिक अनिश्चितता की स्थिति से बचाने हेतु एक न्यूनतम आय की सुनिश्चितता के लिए किया गया है। यह तथ्य भारत के नीति-नियंताओं द्वारा पहचाना गया और तद्नुसार सामाजिक सुरक्षा से संबंद्ध विषयों को राज्य के नीति-निर्देशक तत्व और समवर्ती सूची में संबंद्ध किया गया। राज्य के नीति निर्देशक तत्वों के तहत अनुच्छेद 41 में कार्य के अधिकार शिक्षा और कुछ मामलों में सार्वजनिक सहायता की व्यवस्था की गई है। अनुच्छेद 42 में कार्य की उचित और मानवीय परिस्थिति और मातृत्व राहत की व्यवस्था की गई है। भारतीय संविधान की समवर्ती सूची में भी सामाजिक सुरक्षा और बीमा, रोजगार और बेरोजगार, कार्य परिस्थिति, भविष्य निधियां, नियोक्ताओं का दायित्व, कर्मगारों की क्षतिपूर्ति अवैधता, श्रम कल्याण, वृद्धावस्था पेंशन और मातृत्व लाभ का उल्लेख है। भारत में श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने एक सामाजिक सुरक्षा प्रभाग की स्थापना की है जो कर्मगार सामाजिक सुरक्षा से संबंधित सभी कानूनों के प्रशासन के लिए सामाजिक सुरक्षा नीति एवं योजनाएं बनाने और क्रियान्वित करने का कार्य करता है। भारत में ढेरों सामाजिक सुरक्षा कानून लागू हैं, मसलन कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948 (ईएसआई एक्ट), कर्मचारी क्षतिपूर्ति अधिनियम 1923 (डब्ल्यूसी एक्ट), कर्मचारी भविष्य निधि और विविध प्रावधान अधिनियम 1952 (ईपीडीएंडएमपी एक्ट), प्रसूति प्रसुविधा अधिनियम 1961 (एमबी एक्ट), ग्रेच्युटी भुगतान अधिनियम 1972 (पीजी एक्ट), वैयक्ति क्षति (आपात उपलब्ध) अधिनियम 1962, वैयक्तिक क्षति (प्रतिकर बीमा) अधिनियम 1963 और नियोजक दायित्व अधिनियम 1938 इत्यादि। सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करने के लिए आज देश में पोषण सुरक्षा की देखभाल राष्ट्रीय तैयार मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम, समन्वित बाल विकास योजना, किशोरी शक्ति योजना, किशोर लड़कियों के लिए पोषण कार्यक्रम और प्रधानमंत्री ग्रामोदय योजना चलाई जा रही है। राष्ट्रीय तैयार मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम लगभग पूरे भारत में चल रहा है। समन्वित बाल विकास योजना का विस्तार भी चरणबद्ध ढंग से हो रहा है। 11 से 18 वर्ष तक की उम्र की लड़कियों के पोषण एवं स्वास्थ्य संबंधी विकास के लिए सरकार ने किशोरी शक्ति विकास योजना को हर जगह लागू कर दिया है। एक अरसे से श्रम आंदोलन के तहत सामाजिक सुरक्षा को मजबूत बनाने के लिए राष्ट्रीय रोजगार गारंटी कार्यक्रम लागू करने की मांग की जाती रही, जिसे सरकार ने 2005 के मध्य में लागू कर दिया। इस अधिनियम के तहत कोई भी वयस्क व्यक्ति जो न्यूनतम मजदूरी पर आकस्मिक श्रम करने के लिए इच्छुक है, वह 15 दिनों के अंदर स्थानीय जनकार्य में रोजगार पाने के लिए पात्र होगा।

इसके अंतर्गत लोगों को वर्ष में उसके निवास से एक किमी के भीतर 100 दिनों का काम दिए जाने का प्रावधान लागू किया गया है। हालांकि इस योजना में काफी भ्रष्टाचार की बात उठती है फिर भी सामाजिक सुरक्षा के लिहाज से यह योजना प्रभावकारी साबित हुई है। सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करने के लिए अंत्योदय अन्य योजना का दायरा बढ़ा दिया गया है। राज्यों के अंतरगत लक्षित जन वितरण प्रणाली के तहत पहचान किए गए गरीबी रेखा से नीचे के परिवारों में से, अत्यंत ही गरीब परिवारों की पहचान करने का कार्य अंत्योदय योजना के तहत किया गया है।

सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करने के लिए सरकार ने दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना का शुभारंभ किया है, जिसका उद्देश्य लाभकारी योजनाओं तक निर्धनों और सीमांत लोगों को पहुंचने में सक्षम बनाना है। लोगों का स्वास्थ्य ठीक रहे इसके लिए सरकार ने आयुष्मान योजना लागू की है, जो गरीबों के लिए संजीवनी साबित हो रही है। निश्चित रूप से सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से सामाजिक सुरक्षा मजबूत हुई है। बेहतर होगा कि सरकार सामाजिक सुरक्षा के दायरे का विस्तार करे, जिससे सर्वाधिक नागरिकों का कल्याण हो।

***(ये लेखक के अपने विचार हैं)***

**व्यंग्य**

# भारतीय अवसरवादी पार्टी




पूरन सरमा
व्यंग्यकार


देश के वर्तमान हालात को देखकर 'भारतीय अवसरवादी पार्टी' नाम से एक राजनीतिक दल बनाए जाने की आवश्यकता है। वैसे तो हमारे यहां सभी दल अवसरवादी हैं, परन्तु अब जो दल बने वह खुले रूप से ही अवसरवाद का नारा देकर सत्तारूढ़ हो तो भारतीय जनता को किसी प्रकार का मुगालता भी नहीं रहेगा तथा अफसोस भी नहीं होगा। अवसरवाद का भारतीय राजनीति में सदैव ही बड़ा बोलबाला रहा है, इसलिए सामयिक आवश्यकता के रूप में अवसरवाद को राजनेताओं को खुले रूप में अपना लेना चाहिए। अब कथनी-करनी के फर्क का भी महत्त्व नहीं रहा है। 'कहो कुछ-करो कुछ' पर अब कोई पाबन्दी नहीं है, और न ही कोई दबाव है। असंतोष तो जनता को केवल इतना-सा होता है कि उसके साथ धोखा क्यों किया। धोखा खाने को जनता तैयार है, परन्तु कहकर धोखा खाना अब वह पसन्द करने लगी है, इसलिए यदि कोई व्यक्ति इस समय 'भारतीय अवसरवादी पार्टी' का गठन कर ले तो उसका सितारा चमक उठे तथा वही देश का कर्णधार भी बने, क्योंकि सत्य बोलने वाले पर हमारे देश की जनता फिदा है।

अखिल भारतीय अवसरवादी पार्टी का औपचारिक संविधान बनाने की भी आवश्यकता नहीं है, क्योंकि अवसरवाद में किसी प्रकार के नियम-अधिनियम के निर्माण की जरूरत है ही नहीं। संविधान तो जो देश का है, वह उसी का पालन कर ले यही बड़ी बात है। अवसरवाद हमारी नियति है और हमें अवसरवाद से मुंह नहीं मोड़ना चाहिए। अवसरवाद समय की मांग है और मांग पूरी हो गई तो देश का कल्याण फिर संदिग्ध नहीं है। अब तक हो तो यह रहा है कि लोग बातें बड़ी-बड़ी करते रहे परंतु करने के नाम पर हरिनाम और दगाबाजी। अवसरवादी पार्टी को दगाबाजी विरासत में मिलेगी तथा उसके मूलभूत सिद्धान्तों में होगी तो किसी प्रकार की कठिनाई नहीं होगी। अवसरवाद हमारी रगों में खून बनकर बह रहा है उसे अब भीतर नहीं रखना अपितु बाहर लाना है। अवसरवाद की फसल लहलहाये इससे बड़ी और फख्र की बात हमारे लिए क्या हो सकती है? अवसरवाद की जय-जयकार आजादी के बाद खूब हुई है।

भारतीय अवसरवाद की मिसाल विश्व के दूसरे राष्ट्रों में भी देखने को नहीं मिलेगी। हमारी टक्कर का अवसरवाद अन्यत्र दुर्लभ है। भारतीय राजनीति में जो उलटफेर हुआ है तथा नई पार्टी सत्ता में आई तो जन विश्वास आश्वस्त हुआ था कि अब 'मोनोपोली' खत्म होगी तथा वास्तविक जनतंत्र बहाल होगा, परन्तु हुआ वही ढाक के तीन पात। जिस दल को हटाकर नए दल को वोट देने की बात का बवेला मचा, वह बात मूल रूप में बेमानी सिद्ध हो गई। नए सत्तारूढ़ लोग भी वही करने लगे जो पहले वाले करते थे। पहले वालों पर आरोप थे, वही इन पर भी लगाए जा रहे हैं। वोट बटोरने तथा आरक्षित करने के वही घटिया पैंतरे, चाहे धार्मिक, जातपांत अथवा बोली भाषा से मिले, वही अपनाए जाने लगे। मंडल आयोग की सिफारिशें लागू करके सरकार ने अपने पक्ष में प्रबल जनसमर्थन का एक दिवास्वप्न देखा। अब चाहे देश सुलग उठा है परन्तु नियामकों को इससे क्या, उन्होंने तो वोट सिक्योर करने के लिए पासा मारा था, जो चित्त हो गया है।

## नॉलेज कॉर्नर: सुबह खाली पेट सेवन अधिक लाभदायक

# कई तरह की बीमारियों से बचाता है खजूर!

खजूर का नाम सुनते ही लोगों के मुंह में पानी आ जाता है। मीठा होने के बाद भी यह सूखा मेवा कई तरह के स्वास्थ्य लाभों से भरा है। इसमें पाए जाने वाले पोषक तत्व शरीर के लिए लाभदायक होते हैं। वहीँ अगर आप सुबह के समय इसे खाली पेट खाते हैं तो इसके फायदों की लिस्ट और भी बढ़ जाएगी। इसमें मौजूद फाइबर, कैल्शियम, मैग्नीशियम, पोटेशियम, विटामिन बी6 और आयरन आपके शरीर को कई बीमारियों से भी बचाते हैं। सुबह के समय खाली पेट खजूर खाने से आपको बहुत अधिक फायदे हो सकते हैं। आज के नॉलेज कॉर्नर में विस्तार से जानते हैं खजूर के बारे में...

### तुरंत ऊर्जा का स्रोत

खजूर में ग्लूकोज, फ्रक्टोज और सुक्रोज काफी मात्रा में पाया जाता है। इसलिए अगर आप डाउन फील कर रहे हैं तो इंस्टेंट एनर्जी के लिए आप सुबह के समय खाली पेट खजूर का सेवन करें। दो से चार खजूर खाने से भी आपको तुरंत ही एनर्जी मिल जाएगी।रोज़ाना सुबह के समय खाली पेट खजूर खाने से हमार इम्यून सीस्टम मजबूत होगा। इसमें मौजूद कैल्शियम, आयरन, विटामिन, एंटी-बैक्टीरियल, एंटी-ऑक्सीडेंट जैसे गुण आपकी कमजोर रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाते हैं। खजूर में कॉपर, सेलेनियम और मैग्नीशियम भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं जो कमजोर हड्डियों को मजबूत बनाते हैं। इसमें मौजूद विटामिन K खून को गाढ़ा होने से रोकता है और हड्डियों को मेटाबोलाइज्ड करने में मदद करता है। जिन महिलाओं को पीरियड्स में बहुत ज्यादा दर्द होता है उन्हें अपनी डाइट में खजूर को ऐड कर देना चाहिए। सूखे खजूर में भारी मात्रा में कार्बोहाइड्रेट और फाइबर होते हैं।



### हीमोग्लोबिन बढ़ाता है

उन लोगों को ज़रूर खजूर खाना चाहिए जिनका हीमोग्लोबिन लेवल कम होता है। इसमें भरपूर मात्रा में आयरन पाया जाता है। अगर आपके शरीर में भी खून की कमी हो गई है तो आप एनीमिया का शिकार हो सकते हैं इसलिए आप डेली खजूर खाएं। पोषक तत्वों से भरपूर खजूर आपकी सेहत को दुरुस्त कर सकता है। कई लोग खजूर को बिना भिगोए ही खाते हैं।आपको बता दें खजूर को भिगोकर खाने से आपकी सेहत को ज़्यादा फायदा होंगे। बस आप रोज़ाना 3 से 4 खजूर का सेवन करें। एक दिन में इतना खजूर खाने से आपको सेहत से जुड़े कई फायदे होंगे।

### मधुमेह के खतरे को करता है कम

*मधुमेह (डायबिटीज) सबसे आम बीमारियों में से एक है। ज़्यादातर, मधुमेह का इलाज मधुमेह की कई मौखिक दवाओं (ओरल डायबिटीक मेडिसिन)और इंसुलिन सप्लिमेंटशन से किया जाता है। शोध से पता चलता है कि खजूर (डेट) से मधुमेह होने के जोखिम को कम करने में मदद मिल सकती है।*

*कंटेंट: प्रताप सिंह नेगी*



**भजनलाल शर्मा,** मुख्यमंत्री, राजस्थान
@BhajanLalBJP
आज मुख्यमंत्री आवास पर विधानसभा केकड़ी के विधायक श्री शत्रुघ्न गौतम जी के नेतृत्व में विधानसभा क्षेत्र के सम्मानित नागरिकों ने इन अनुदानों हेतु प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त किया, जिसके लिए आप सभी का अभिनंदन प्रकट करता हूं। हमारी सरकार प्रदेश के प्रत्येक क्षेत्र के समग्र विकास हेतु कृतसंकल्पित है।



**गौर गोपाल दास,** आध्यात्मिक गुरु
@gaurgopald
हम मानव जाति कहलाते हैं। आइए हम मानव बनें और दयालु बनें। हमें जाति से अलग न होने दें। धर्म से अलग न होने दें। हमें राजनीति से अलग न होने दें और सामाजिक-आर्थिक स्थिति से परिभाषित न होने दें। सभी संबद्धताओं और पहचानों से परे, आइए सबसे शक्तिशाली बाध्यकारी शक्ति - मानवता को प्राथमिकता दें।

**यूपी भाजपा में बड़े बदलाव की तैयारी:** प्रदेश अध्यक्ष चौधरी के बाद अब सीएम योगी से बात करेगा केंद्रीय नेतृत्व

# मौर्य को सख्त संदेश-सरकार व संगठन में दरार पैदा न करें... इंतजार करें

**एजेंसी** | लखनऊ/ नई दिल्ली

उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव में भाजपा की चुनावी हार ने पार्टी नेतृत्व की दिक्कतें बढ़ा दी हैं। प्रदेश के नेताओं की बयानबाजी और आपसी कलह को थामने के लिए केंद्रीय नेतृत्व को हस्तक्षेप करना पड़ा है। पार्टी के सामने 10 विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव में जीतने की चुनौती है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी की बुधवार रात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के बाद राज्य में संगठन और सरकार में



बदलाव की अटकलें भी तेज हो गई हैं। सूत्रों के अनुसार यह तय है कि उत्तर प्रदेश में बड़े बदलावों की इबारत लिखी जाने लगी है।

वहीं, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की नाराजगी मुखर होने के बाद पार्टी नेतृत्व भी अब सख्त दिख रहा है। सूत्रों के अनुसार पार्टी ने मौर्य की बातों को गंभीरता से तो लिया है, लेकिन उन्हें यह नसीहत भी दी है कि वह सरकार और संगठन में दरार पैदा न करें। केंद्रीय नेतृत्व के फैसले का इंतजार करें और सरकार में ही सक्रिय रहें। पार्टी के बड़े नेताओं से नई दिल्ली में मुलाकात के बाद लखनऊ लौटने पर मौर्य के सुर भी बदले नजर आने लगे हैं।

### चौधरी ने ली हार की नैतिक जिम्मेदारी

लोकसभा चुनाव में पार्टी की राज्य में हार पर प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने आलाकमान को 15 पेज की रिपोर्ट सौंपी है। उन्होंने पीएम मोदी से मुलाकात के दौरान लोकसभा चुनाव में प्रदेश में हुई भाजपा की हार के कारणों की जानकारी दी। साथ ही संगठन प्रमुख होने के नाते इसकी नैतिक जिम्मेदारी भी ली। चौधरी ने प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में हुई चर्चा से भी प्रधानमंत्री को अवगत कराया है। सूत्रों के अनुसार भाजपा आलाकमान अब इस मामले में सीधे सीएम योगी आदित्यनाथ से चर्चा करेगी। माना जा रहा है कि प्रदेश में पार्टी की स्थिति को एक बार फिर बेहतर बनाने के लिए सांगठनिक बदलाव पर भी चर्चा हो सकती है। जल्द ही यूपी के दूसरे डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक का भी दिल्ली दौरा हो सकता है। प्रदेश अध्यक्ष चौधरी और डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य की केंद्रीय नेतृत्व से पहले ही बात हो चुकी है।

### मानसून ऑफर; 100 लाओ, सरकार बनाओः अखिलेश



उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव हार के बाद भाजपा में मचे घमासान के बीच सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य को लेकर लगातार तंज कस रहे हैं। अखिलेश ने गुरुवार सुबह किसी का नाम लिए बगैर अपने सोशल मीडिया मंच पर एक पोस्ट में लिखा कि मानसून ऑफर, 100 लाओ सरकार बनाओ। इस पोस्ट को केशव प्रसाद मौर्य से जोड़कर देखा जा रहा है। इससे पहले अखिलेश यादव ने बुधवार को पोस्ट कर कहा था कि यूपी की भाजपा में कुर्सी की लड़ाई चल रही है। तोड़फोड़ की राजनीति का काम जो भाजपा दूसरे दलों में करती थी। वही काम वह अपने दल के अंदर कर रही है। इसलिए भाजपा अंदरूनी झगड़ों के दलदल में धंसती जा रही है।

### मुफ्त के तोहफे बांट रही महायुति सरकारः राउत



**मुंबई।** शिवसेना-यूबीटी नेता संजय राउत ने सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि महाराष्ट्र सरकार आठ लाख करोड़ के कर्ज में डूबने के बाद भी मुफ्त में उपहार बांट रही है। ज्ञात रहे कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने बुधवार को युवाओं के लिए 'लाड़का भाउ (लाडला भाई)' योजना का ऐलान किया था। जिसके तहत 12वीं कक्षा उत्तीर्ण करने वाल युवाओं को 6,000 रुपए प्रति माह, आईटीआई और डिप्लोमा धारकों को 8,000 रुपए प्रति माह और स्नातक डिग्री धारकों को 12,000 रुपए प्रति माह दिए जाएंगे। राउत ने कहा,महिलाओं को 1,500 रुपए प्रति माह देने के लिए महाराष्ट्र सरकार ने मध्य प्रदेश सरकारी की 'लाड़ली बहन' योजना की नकल की है।

### बंगालः विधानसभा सत्र में नीट पर प्रस्ताव संभव

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा सत्र के दौरान नीट प्रवेश परीक्षा में कथित अनियमितताओं और नए आपराधिक कानूनों को लागू करने में जल्दबाजी पर तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) अलग-अलग प्रस्ताव ला सकती है। टीएमसी के एक नेता ने इसकी जानकारी दी। बता दें कि पश्चिम बंगाल विधानसभा सत्र 22 जुलाई से शुरू होगा। राज्य के संसदीय कार्य मंत्री सोभनदेव चट्टोपाध्याय ने बताया कि यह सत्र दस दिनों तक चलेगा। टीएमसी के एक वरिष्ठ विधायक ने कहा, "अब तक संभावना के अनुसार दो प्रस्ताव- नीट में अनियमितता पर और दूसरा तीन नए आपराधिक कानूनों को लागू करने में जल्दबादी पर, पेश किए जाएंगे। इस दौरान उन्होंने विधानसभा में पेश किए जाने वाले प्रस्तावों पर कुछ भी बोलने से इनकार कर दिया।

**फिर दरका विपक्षी गठबंधन इंडिया:** एकला चलो की राह पर आप

# केजरीवाल हरियाणा के, सभी 90 सीटों पर चुनाव लड़ेगी आपः मान

**एजेंसी** | चंडीगढ़/ नई दिल्ली

हरियाणा में अगामी विधानसभा चुनाव से पहले ही विपक्षी गठबंधन इंडिया में दरार आ गई है। दिल्ली और पंजाब के बाद आम आदमी पार्टी की नजर अब हरियाणा में सत्ता में आने पर लगी है। पार्टी ने इसी के तहत राज्य की सभी 90 विधानसभा सीटों पर अकेले चुनाव लड़ने की घोषणा की है। ज्ञात रहे कि हरियाणा में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं।

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने गुरुवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि दिल्ली और पंजाब में हमारी सरकार है। अब हरियाणा के लोग भी बदलाव चाहते हैं। आम आदमी पार्टी पूरी ताकत से हरियाणा में विधानसभा चुनाव लड़ेगी। हम एक टीम के तौर पर ही चुनाव लड़ते हैं। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल हरियाणा के ही रहने वाले हैं।




### विस क्षेत्र अध्यक्षों की होगी नियुक्ति

पाठक ने कहा कि हम जल्दी ही विधानसभा क्षेत्र अध्यक्षों की नियुक्ति करेंगे। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट पर सुशील गुप्ता ने पूरी ताकत से चुनाव लड़ा था। इस संसदीय क्षेत्र में 9 सीटें थीं, जिनमें से 4 पर हमें जीत मिली थी। अब हम विधानसभा चुनाव में भी उसी ताकत से उतरेंगे।

### हरियाणा के लोग चाहते हैं कि राज्य में केजरीवाल की सरकार बने

मान ने कहा कि हरियाणा के लोगों को इस बात का गर्व है कि उनके यहां के अरविंद केजरीवाल दिल्ली जाकर चुनाव लड़ते हैं और पूरे देश की राजनीति को बदल देते हैं। हरियाणा के लोगों ने हमसे यहां चुनाव लड़ने की गुजारिश की और वह बदलाव चाहते हैं। उन्होंने कहा कि हमारा नारा है, बदलेंगे हरियाणा का हाल और अब लाएंगे केजरीवाल। उन्होंने कहा, सभी लोकतांत्रिक संस्थाओं में हमारी अच्छी उपस्थिति है। हरियाणा का आधा हिस्सा पंजाब से और आधा दिल्ली से मिलता है। लोग चाहते हैं कि हम चुनाव लड़ें। राज्य ने सभी पार्टियों को मौका दिया, लेकिन उनमें से कोई भी हरियाणा के प्रति वफादार नहीं रही। उन सभी ने राज्य को लूटा और अब लोग बदलाव चाहते हैं। मान ने आगे कहा, हमने साबित कर दिया है कि हमारी टीम बहुत अच्छी है और हम एक टीम के रूप में लड़ना जानते हैं।

### 20 जुलाई से जारी होंगे गारंटी कार्डः संजय सिंह

आप सांसद संजय सिंह ने कहा कि हरियाणा के लोगों को अब अरविंद केजरीवाल से ही उम्मीद है। पार्टी का कहना है कि हरियाणा में 20 जुलाई को गारंटी कार्ड जारी किया जाएगा। यह घोषणा पत्र की तरह होगा, जिसमें राज्य की जनता से कुछ वादे किए जाएंगे और चुनाव जीतने पर उन्हें पूरा करने की गारंटी दी जाएगी। इस दौरान अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीत केजरीवाल भी मौजूद रहेंगी।

### ऐसा चुनाव लड़ेंगे कि दुनिया देखती रह जाएगी

आप नेता संदीप पाठक ने कहा, आम आदमी पार्टी हरियाणा में ऐसा चुनाव लड़ेगी कि दुनिया देखेगी। ऐसा चुनाव न कभी हरियाणा में लड़ा गया होगा और ना ही लड़ा जाएगा। हम यहां सरकार बनाने के लिए चुनाव लड़ेंगे। हम अब तक 6500 गांव में बदलाव जनसंवाद कर चुके हैं। इसमें जनता हमसे यही कह रही है कि कैसे भी बदलाव लेकर आइए। उन्होंने कहा कि हम पूरी ताकत से हर बूथ पर लड़ेंगे।

### 10 साल में बने राष्ट्रीय पार्टी

मान ने कहा कि हम 10 साल के अंदर ही राष्ट्रीय पार्टी बने हैं। हमें गुजरात में 14 फीसदी वोट मिले थे और 5 विधायक जीते। हम सबसे तेजी से बढ़ती हुई पार्टी हैं।

**YSRCP नेता की हत्या पर सियासी घमासान**

# पूर्व CM रेड्डी ने साधा नायडू पर निशाना, कहा- सत्ता स्थाई नहीं

**एजेंसी** | हैदराबाद

आंध्र प्रदेश के पलनाडु जिले के विनुकोंडा शहर में बुधवार रात वाईएसआरसीपी की युवा शाखा के एक सदस्य राशिद की हत्या कर दी गई। इस मामले को लेकर राज्य में सियासत शुरू हो गई है। वाईएसआरसीपी अध्यक्ष जगन मोहन रेड्डी ने इस मामले को लेकर सीएम चंद्रबाबू नायडू पर निशाना साधा है। वहीं पुलिस ने इस मामले में किसी राजनीतिक कोण से इनकार किया है।

वाईएसआरसीपी का कहना है कि राशिद उनकी पार्टी का कार्यकर्ता था, जिसकी हत्या टीडीपी कार्यकर्ताओं ने की है। पूर्व सीएम जगन मोहन रेड्डी ने कहा, सरकार विपक्ष को दबाने के लिए जघन्य कृत्यों में लिप्त है। मैं चंद्रबाबू नायडू को चेतावनी देना चाहता हूं कि सत्ता स्थाई नहीं है और उन्हें अपने हिंसक तरीकों को छोड़ देना चाहिए। रेड्डी ने कहा, मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह से राज्य में बिगड़ती कानून-व्यवस्था पर ध्यान देने का आग्रह करता हूं। वहीं, टीडीपी के एमएलसी जी. दीपक रेड्डी ने कहा कि पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। विवाद दो दोस्तों का था और दोनों वाईएसआरसीपी के कार्यकर्ता था। वाईएसआरसीपी, टीडीपी पर झूठा आरोप लगा रही है। दूसरी ओर मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने गुरुवार दोपहर को कानून और व्यवस्था की स्थिति पर राज्य सरकार की ओर जारी किए जाने वाले श्वेत पत्र को स्थगित कर दिया।



### यह बोली पुलिस

मामले को लेकर पलनाडु जिले के पुलिस अधीक्षक कांचे श्रीनिवास ने कहा कि शेख जिलानी नाम के एक व्यक्ति ने राशिद पर हमला किया, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना में कोई राजनीतिक कोण नहीं है। फिलहाल आरोपी की जांच चल रही है। ऐसी गतिविधियों में शामिल लोगों को सख्त सजा का सामना करना पड़ेगा। विनुकोंडा में धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है। ज्ञात रहे कि इस हत्या से संबधित एक वीडियो में, जिलानी को गर्दन पर हमला करने से पहले छुरी से रशीद के हाथ काटते हुए देखा गया है। रशीद को स्थानीय अस्पताल ले जाया गया लेकिन वह बच नहीं सका।

**असम कांग्रेस:** टिकटों के वितरण में जिला व मंडल समितियों को हक देने पर मंत्रणा

# संयुक्त विपक्ष के रूप में लड़ेंगे विस चुनावः वोरा

**एजेंसी** | गुवाहाटी

असम प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष भूपेन कुमार बोरा ने गुरुवार को कहा कि पार्टी 2026 का विधानसभा चुनाव 16 दलीय संयुक्त विपक्षी मोर्चे के तौर पर लड़ेगी। विपक्षी मोर्चे में असम जातीय परिषद, आम आदमी पार्टी (आप), तृणमूल कांग्रेस और माकपा शामिल हैं। कांग्रेस ने हाल ही एक बैठक में विधानसभा व पंचायत सीटों के परिसीमन के बाद की रणनीति पर चर्चा की थी।

उन्होंने यहां पत्रकारों से बातचीत में कहा कि विपक्षी दलों का 2026 का विस चुनाव साथ मिलकर लड़ने का मतलब



यह नहीं है कि पार्टियां हाथ पर हाथ रखकर बैठ जाएं। चुनाव तक सभी दल अपने संगठन का विस्तार करते रहेंगे। इससे किसी दल को कोई नुकसान नहीं होगा। बोरा ने कहा कि फोरम का हिस्सा होने का मतलब यह नहीं हैं कि किसी चुनाव में सीटों का समान वितरण न किया जाए। विपक्षी समूह को उनकी ताकत, पृष्ठभूमि और निर्वाचन क्षेत्रों के इतिहास के अनुसार सीटें दी जाती हैं। इससे पहले, बोरा ने कहा था कि पार्टी राज्य में सभी विधानसभा सीटों पर आगामी उपचुनाव लड़ेगी।

### छह समितियों का गठन

कांग्रेस महासचिव जितेंद्र सिंह के साथ पार्टी नेताओं की बुधवार को संपन्न हुई तीन दिवसीय बैठक पर बोरा ने कहा कि विधानसभा क्षेत्रों व पंचायत सीटों के परिसीमन के बाद की रणनीतियों पर चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि सत्ता के विकेंद्रीकरण पर भी चर्चा की गई, जिसमें जिला व मंडल स्तर की समितियों को पार्टी की ओर से टिकटों के वितरण जैसे स्थानीय स्तर पर फैसले लेने का अधिकार देना शामिल था। साथ ही पार्टी की अनुशासन समिति को सक्रिय करने और पार्टी के संविधान के मुताबिक काम करने पर भी बात हुई। बोरा ने कहा कि संगठनात्मक बदलाव, नए सदस्यों की ट्रेनिंग और चुनाव प्रबंधन के लिए राज्य के शीर्ष नेताओं की अध्यक्षता में छह समितियों का गठन किया गया है। साथ ही एक डिजिटल टास्कफोर्स भी बनाया जा रहा है, इसके जरिए पार्टी का संदेश हर कार्यकर्ता और नेता तक पहुंचाया जाएगा।

**कर्नाटक:** निजी कंपनियों में आरक्षण पर रार

# आरक्षण विधेयक पर फिर से चर्चा करेगी सरकारः CM सिद्धारमैया

**एजेंसी** | बेंगलुरु

कर्नाटक सरकार ने प्राइवेट नौकरियों में कन्नड़ लोगों के लिए आरक्षण से जुड़े विधेयक पर राज्य में सियासी घमासान शुरू हो गया है। हालांकि मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने गुरुवार को कहा कि उनकी सरकार ने कुछ भ्रम के चलते इस विधेयक को रोकने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि संदेह दूर करने के लिए विधेयक को अगली कैबिनेट बैठक में चर्चा के लिए रखा जाएगा।हम अगली कैबिनेट बैठक में उन भ्रमों को दूर कर देंगे।

### कर्नाटक में तुगलक सरकारः आर अशोक

विपक्ष के नेता आर अशोक ने गुरुवार को कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि कर्नाटक में तुगलक सरकार है। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ने 'एक्स' पर अपना संदेश तीन बार बदला। सिद्धारमैया ने अपनी पहली पोस्ट में कहा था कि कैबिनेट ने निजी क्षेत्र में कन्नडिगाओं के लिए 100 प्रतिशत आरक्षण का फैसला किया है और फिर इसे हटा दिया। इसके बाद एक और संदेश पोस्ट में कहा कि कन्नडिगाओं के लिए प्रबंधन श्रेणी में 50 प्रतिशत और गैर-प्रबंधन श्रेणी में 70 प्रतिशत आरक्षण होगा। आखिरकार बिल को होल्ड पर रखने की घोषणा की।

### तुगलक नहीं, सिद्धारमैया सरकार हैः सीएम

मुख्यमंत्री ने अपने जवाब में कहा, 'यहां कोई तुगलक सरकार नहीं, बल्कि सिद्धारमैया सरकार है। इससे पहले राज्य मंत्रिमंडल ने सोमवार को 'कर्नाटक राज्य उद्योगों, कारखानों और अन्य प्रतिष्ठानों में स्थानीय उम्मीदवारों को रोजगार विधेयक 2024' को मंजूरी दी थी, जिसमें निजी कंपनियों में कन्नड़ लोगों के लिए नौकरियां आरक्षित करना अनिवार्य बनाया गया था।

**महाराष्ट्र में तेज हुई सियासी खींचतान**

# शरद पवार ने जयंत पाटिल की हार पर कांग्रेस को घेरा... दिया कड़ा संदेश

**एजेंसी** | मुंबई

महाराष्ट्र में इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले राज्य में दोनों गठबंधनों सत्तारूढ़ महायुति और विपक्षी गठबंधन महा विकास अघाड़ी (एमवीए) में अंदरूनी सियासी खींचतान तेज होने लग गई है और कई पार्टियों के विधायकों के पलटी मारने की अटकलें भी जोर पकड़ने लगी हैं। राज्य के पूर्व गृहमंत्री अनिल देशमुख ने दावा किया कि भाजपा के कई विधायक शरद पवार-नीत राकांपा में शामिल होना चाहते हैं। वहीं, रकांपा के संस्थापक शरद यादव ने लोकसभा चुनावों के बाद पहली बार सहयोगी दल कांग्रेस से अपनी नाराजगी जाहिर की है और हाल ही हुए एमएलसी चुनावों में कांग्रेस के सात विधायकों के क्रॉस वोटिंग करने पर क्षोभ और निराशा जताई है। इस चुनाव में पवार समर्थित उम्मीदवार जयंत पाटिल की हार हो गई थी। पवार ने बुधवार को पुणे में मीडिया से बातचीत में कहा कि कांग्रेस की गलत रणनीति की वजह से उनके समर्थित उम्मीदवार को कम वोट मिले। उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद थी कि कांग्रेस के कुछ विधायकों के वोट शिवसेना (यूबीटी) उम्मीदवार मिलिंद नार्वेकर के पक्ष में जाएंगे और कुछ वोट जयंत पाटिल के पक्ष में जाएंगे लेकिन वो महायुति के पक्ष में चले गए।



### क्या है शरद पवार के मन में

राज्य विधानसभा चुनाव के लिए सीटों के बंटवारे पर एमवीए नेताओं में बातचीत होनी है और शरद पवार प्रदेश कांग्रेस के बजाय सीधे राहुल गांधी या कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व से बातचीत हो। सूत्रों के अनुसार शरद पवार की यह टिप्पणी कांग्रेस को यह संदेश देने के लिए भी है कि उसके अंदरखाने सब चीजें व्यवस्थित नहीं हैं, इसलिए राहुल गांधी इसमें दखल दें और सीटों के बंटवारे को अंतिम रूप दें।

### किस बात को लेकर है एमवीए में रार

महाराष्ट्र कांग्रेस के अध्यक्ष नाना पटोले ने 288 सदस्यों वाली विधानसभा के लिए 150 सीटों पर दावा किया है, जबकि एमवीए के दूसरे घटक दल उद्धव ठाकरे की शिवसेना 125 सीटों पर दावा कर रही है। शरद पवार इस स्थिति में राहुल गांधी को बीच में लाकर समय से पहले सीट बंटवारे की डील पक्का करना चाहते हैं।

### NCP (SP) में शामिल होना चाहते हैं भाजपा के कई विधायक



दूसरी ओर एनसीपी (एसपी) नेता व पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख ने गुरुवार को नागपुर में पत्रकारों के साथ बातचीत में दावा किया कि भाजपा के कुछ विधायक भी उनकी पार्टी का हिस्सा बनने में रुचि रखते हैं, क्योंकि वे सरकार में प्रतिनिधित्व नहीं मिलने से निराश हैं। उन्होंने कहा, एनसीपी (अजीत पवार) के विधायक भी वापस आएंगे। हालांकि, यह शरद पवार तय करेंगे कि किसे पार्टी में लिया जाएगा। यह पूछे जाने पर कि क्या अजित पवार भी उनमें से एक हैं, इस पर देशमुख ने कहा कि वह अपनी पार्टी बना रहे हैं। उन्हें इसका विस्तार करने दीजिए। शरद पवार ने बुधवार को कहा कि उनकी पार्टी में किसी भी नेता के संभावित प्रवेश पर निर्णय सामूहिक होगा, उन्होंने इस बात की पुष्टि करने से इनकार कर दिया कि अगर अजित पवार वापस लौटना चाहते हैं तो उन्हें शामिल किया जाएगा या नहीं। ज्ञात रहे कि एनसीपी( अजित पवार) के पिंपरी-चिंचवड प्रमुख अजित गव्हाने और दो पूर्व पार्षदों ने पार्टी से इस्तीफा दिया है। गव्हाने ने बुधवार को कहा था वो शरद पवार का आशीर्वाद लेंगे।

### राज्य सरकार पर भी बरसे अनिल देशमुख

देशमुख ने गुरुवार को राज्य सरकार से उनके खिलाफ रिश्वतखोरी के आरोपों की जांच करने वाले आयोग की रिपोर्ट सार्वजनिक करने को कहा और चेतावनी दी कि अगर ऐसा नहीं हुआ तो वह अदालत जाएंगे। उन्होंने महाराष्ट्र सरकार पर चांदीवाल आयोग की रिपोर्ट को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दबाए रखने का आरोप लगाया, जिसमें उन्होंने दावा किया कि उन्हें क्लीन चिट दी गई है।

## जरूरी खबर

### सुप्रीम कोर्ट: दो नए न्यायाधीशों ने ली शपथ

**नई दिल्ली।** जम्मू कश्मीर हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश एन. कोटिश्वर सिंह ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश पद की शपथ ली। वह मणिपुर से सर्वोच्च न्यायालय में पदोन्नत होने वाले पहले न्यायाधीश बन गए हैं। मद्रास हाईकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश आर. महादेवन ने भी सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश के तौर पर शपथ ली। चीफ जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ ने यहां सुप्रीम कोर्ट परिसर में हुए एक समारोह में दोनों न्यायाधीशों को पद की शपथ दिलाई। इसके साथ ही अब सुप्रीम कोर्ट में सीजेआई समेत न्यायाधीशों की संख्या 34 हो गई है जो कि पूर्ण है। केंद्र ने 16 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की सिफारिश को स्वीकृति दे दी थी। सुप्रीम कोर्ट में एक सितंबर 2024 को न्यायाधीा हिमा कोहली के सेवानिवृत्त होने तक 34 न्यायाधीश काम करेंगे। इसके बाद सीजेआई चंद्रचूड़ 10 नवंबर को सेवानिवृत्त होंगे।

### क्रिकेटर हार्दिक पांड्या व नताशा में हुआ तलाक



**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या और नताशा स्टेनकोविक की राहें अलग हो गई हैं। हार्दिक और नताशा ने गुरुवार को तलाक की घोषणा की। पिछले कई महीनों से दोनों के रिश्ते में दरार की अटकलें लग रही थी। हार्दिक-नताशा ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए एक-दूसरे से अलग होने की जानकारी दी। दोनों की चार साल पहले शादी हुई थी। हार्दिक और नताशा का एक बेटा है, जिसका नाम अगस्त्य है। हार्दिक ने इंस्टाग्राम पर लिखा, चार साल साथ रहने के बाद नताशा और मैंने मिलकर अलग होने का फैसला किया है।

### किसान को नहीं दिया प्रवेश, मॉल 7 दिन के लिए बंद

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु के प्रसिद्ध जीटी मॉल में धोती पहने एक किसान को मॉल के अंदर प्रवेश नहीं देने के मामले में कर्नाटक की सिद्दारमैया सरकार ने बड़ी कार्रवाई की है। सरकार ने मॉल को सात दिन बंद रखने का आदेश दिया। दरअसल, सोशल मीडिया पर बेंगलुरु से एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें एक बुजुर्ग किसान को उसके पहनावे के कारण मॉल में घुसने मना कर दिया गया था। किसान अपने बेटे के साथ मॉल में फिल्म देखने पहुंचा था। इस घटना से आहत होकर किसान और उसके बेटे ने एक वीडियो में मॉल के सुरक्षाकर्मियों और प्रबंधक पर गंभीर आरोप लगाए थे।

## चार पुस्तकों का लोकार्पण... राष्ट्रपति को भेंट कीं



**नई दिल्ली।** केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को चार पुस्तकों, विंग्स टू आवर होप्स- वॉल्यूम 1 (अंग्रेजी और हिंदी), राष्ट्रपति भवन: हेरिटेज मीट्स द प्रेजेंट और कहानी राष्ट्रपति भवन की का लोकार्पण किया। उन्होंने पुस्तकों की प्रति राष्ट्रपति को भेंट की। इस अवसर पर केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन और सचिव संजय जाजू भी मौजूद थे।

### लक्षद्वीप में दो सैन्य हवाई क्षेत्र बनाएगा भारत



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने एक उच्चस्तरीय बैठक के दौरान लक्षद्वीप में दो सैन्य वायुक्षेत्र (मिलेट्री एयरफील्ड) बनाने को मंजूरी दे दी है। केंद्र शासित प्रदेश लक्षद्वीप समूह के आखिरी द्वीप मिनिकाय और भारत के पश्चिमी क्षेत्र अरब सागर के अगात्ती द्वीप के मौजूदा मिलेट्री एयरफील्ड को विस्तार देंगे। इस समुद्री क्षेत्र में चीनी गतिविधियां बढ़ते देखकर भारत सरकार ने यह फैसला लिया है। रक्षा सूत्रों के अनुसार रक्षा मंत्रालय के नेतृत्व में तीनों सेनाओं ने यह प्रस्ताव रखा था जिसे गुरुवार को केंद्र सरकार की एक उच्चस्तरीय बैठक में हरी झंडी दे दी गई है। दोहरे उद्देश्यों वाले इन मिलेट्री एयरफील्ड का सैन्य उपयोग के साथ ही वाणिज्यिक उपयोग भी होगा। यहां सभी तरह के युद्धक और मालवाहक विमानों के साथ ही यात्री विमान भी उड़ान भरा करेंगे।

## असम सरकार का अहम फैसला

# राज्य में मुस्लिम विवाह व तलाक अधिनियम रद्द, नया कानून बनेगा

**एजेंसी** | गुवाहाटी

असम सरकार ने मुस्लिम विवाह और तलाक पंजीकरण अधिनियम और नियम 1935 को रद्द कर दिया है। राज्य के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि असम कैबिनेट ने औपनिवेशिक युग के असम मुस्लिम विवाह और तलाक पंजीकरण अधिनियम और नियम 1935 को निरस्त करने का फैसला किया है। उन्होंने यह भी कहा कि इस कानून को खत्म करने का मकसद लैंगिक न्याय और बाल विवाह को कम करने का है।

सीएम सरमा ने अपनी पोस्ट में लिखा, हमने बाल विवाह के खिलाफ अतिरिक्त सुरक्षा प्रदान करके अपनी बेटियों और बहनों के लिए न्याय सुनिश्चित करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। उन्होंने कहा, असम मुस्लिम विवाह अधिनियम के तहत बाल विवाह की अनुमति थी। हमने इसे खत्म कर दिया और अध्यादेश लाए। अब हम उस अध्यादेश को विधेयक बना देंगे। एक नया कानून आएगा जिसके तहत मुस्लिम विवाह का पंजीकरण 18 और 21 वर्ष की कानूनी आयु सीमा के भीतर सरकारी कार्यालय में होगा। उन्होंने कहा कि अगर 80 प्रतिशत बाल विवाह अल्पसंख्यकों में हो रहे हैं, तो 20 प्रतिशत बहुसंख्यक समुदाय में हो रहे हैं। मैं बाल विवाह को धार्मिक दृष्टिकोण से नहीं देख रहा हूं। असम में बाल विवाह खत्म होने के कगार पर है।



### बेटियों और बहनों के न्याय के लिए उठाया ये महत्वपूर्ण कदम

मुख्यमंत्री सरमा ने कहा, विधान सभा के अगले सत्र में राज्य में मुस्लिमों के विवाह के पंजीकरण के लिए उचित कानून लाया जाएगा। इस कानून के निरस्त हो जाने से अब कई बदलाव आएंगे।

### यह होगा असर


#### विवाह पंजीकरण होगा अनिवार्य, काजियों की सेवा होंगी समाप्त

बाल विवाह पर प्रतिबंध लग जाएगा। इसके अलावा विवाहों का पंजीकरण अनिवार्य हो जाएगा और काजियों (विवाह और तलाक रजिस्ट्रार) को सेवा से हटा दिया जाएगा। यानी काजी अब ना तो निकाह पढ़वा सकेंगे और ना ही किसी का तलाक करवा सकेंगे। उन्हें नौकरी से हाथ धोना पड़ेगा।

## J&K: कुपवाड़ा में आतंकी साजिश नाकाम

# सुरक्षा बलों ने 2 पाक आतंकियों को किया ढेर

**एजेंसी** | जम्मू



जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में सेना को बड़ी कामयाबी मिली है। सुरक्षा बलों की एक टीम ने घुसपैठ की कोशिश कर रहे 2 पाकिस्तानी आतंकवादियों को मार गिराया। अभी इन आतंकियों की पहचान सामने नहीं आई है। दूसरी ओर, डोडा में गुरुवार तड़के आतंकवादियों के हमले में दो सैनिक घायल हो गए। सेना के अधिकारियों ने बताया कि कास्तीगढ़ इलाके के जद्दन बाटा गांव में एक स्कूल में बने अस्थायी सुरक्षा शिविर पर आतंकियों ने गोलीबारी की। इसमें दो जवान घायल हुए। सुरक्षा बलों ने जवाबी कार्रवाई की और दोनों पक्षों के बीच एक घंटे से अधिक समय तक गोलीबारी जारी रही। वहीं, जिले में एक अन्य जगह भी मुठभेड़ की खबर है।

इस बीच, सेना की चिनार कोर ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि गुरुवार को केरन सेक्टर में कुपवाड़ा में नियंत्रण रेखा पर घुसपैठ की कोशिश को विफल कर दिया गया। सेना ने दो आतंकवादियों को मार गिराया। सेना का इलाके में सर्च ऑपरेशन अभी जारी है। सेना के अधिकारियों ने बताया कि 6 राष्ट्रीय राइफल्स (आरआर) और कुपवाड़ा पुलिस सहित सुरक्षा बलों पर क्षेत्र में छिपे हुए आतंकवादियों ने गोलीबारी की। जिसके बाद शुरू हुई मुठभेड़ में सेना ने दो आतंकियों को मार गिराया। सेना को संदेह है कि इलाके में और आतंकी छिपे हो सकते हैं। इससे पहले गुरुवार सुबह जम्मू के राजौरी जिले के सुंदरबनी इलाके में नियंत्रण रेखा के पास संदिग्ध गतिविधियां देखने के बाद सेना ने गोलीबारी की थी।

### आतंकियों के तीन समूह

सुरक्षा बलों को संदेह है कि दो से तीन आतंकियों के कई ग्रुप्स डोडा में सीमा पार से घुसपैठ कर चुके हैं। इन आतंकियों को स्थानीय स्तर पर भी मदद मिल रही है और अब ये सुरक्षा बलों के लिए सिरदर्द बन गए हैं। सूत्रों का कहना है कि शौकत अली ने माना है कि उसने तीन आतंकियों को कुछ दिनों तक अपने घर में रखा था। उसने ना सिर्फ इन आतंकियों को खाने और रहने की जगह दी थी बल्कि वाईफाई भी मुहैया कराई थी। उसी की मदद से इन लोगों ने पाकिस्तान में बैठे हैंडलर्स से बात की थी।

### घर में रखे आतंकी... WIFI से कराई पाकिस्तान बात, आरोपी अरेस्ट

इस बीच, पुलिस ने डोडा के ही भल्लेसा के रहने वाले शौक अली को अरेस्ट किया है। उस पर तीन आतंकियों को पनाह देने का आरोप है। उसने इन आतंकियों को खाना और रहने की जगह दी थी। देसा के जंगलों में सेना पर हमले से ठीक पहले उसने आतंकियों को पनाह दी थी। शौकत अली का आतंकियों से कनेक्शन बताया जा रहा है और वह ओवरग्राउंड वर्कर है। आतंकी संगठनों में ओवरग्राउंड वर्कर उन लोगों को कहा जाता है, जो सामान्य नागरिक के तौर पर ही रहते हैं। लेकिन आतंकी संगठनों के लिए काम करते हैं।

## जमीन को लेकर किसानों को धमकाने का आरोप

# पूजा खेडकर की मां को किया अरेस्ट

**एजेंसी** | पुणे

विवादित ट्रेनी आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर की मां मनोरमा खेडकर को गुरुवार को पुणे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। मनोरमा पर जमीन विवाद को लेकर किसानों और ग्रामीणों को धमकाने का आरोप है। हाथ में बंदूक लेकर उनका वीडियो पिछले दिनों वायरल हो गया था, जिसके बाद से पुलिस उनकी तलाश में थी। पुलिस मनोरमा को गिरफ्तार करने के लिए महाराष्ट्र के रायगढ़ के एक लॉज (होटल) पहुंची, जहां उसे पता चला कि वह फर्जी आधार कार्ड के जरिए छिपी हुई थीं। वहां



उनका कैब ड्राइवर भी मौजूद था, जिसे उन्होंने अपना बेटा बता रखा था।

मीडिया रिपोर्टों के अनुसार मनोरमा प्राइवेट टैक्सी लेकर होटल तक पहुंची थीं। पुलिस सूत्रों ने बताया कि जीपीएस की मदद से पूजा खेडकर की मां का पता चला, जिसके बाद उन्हें लॉज से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी के बाद मनोरमा खेडकर को कोर्ट में पेश किया गया। अदालत ने मनोरमा को 20 जुलाई तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है।

आरोपी मनोरमा, उनके पति दिलीप और पांच अन्य लोगों का पता लगाने के लिए कई टीम गठित की गई थीं। पूजा खेडकर आईएएस परीक्षा के समय दिए गए दिव्यांगता और ओबीसी प्रमाण पत्र को लेकर सवालों के घेरे में हैं। पुणे कलेक्टर कार्यालय में तैनाती के दौरान किए गए आचरण को लेकर भी उनके खिलाफ जांच की जा रही है।

## NHAI ने दिखाई सख्ती

# विंडशील्ड पर नहीं लगा फास्टैग तो देना पड़ेगा दोगुना टोल टैक्स

**एजेंसी** | नई दिल्ली




भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) वाहन के अंदर से सामने की विंडस्क्रीन पर बिना फास्टैग चिपकाए टोल लेन में एंट्री करने वालों से दोगुना शुल्क वसूलेगा। एनएचएआई ने इसके लिए दिशानिर्देश जारी किए हैं। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में गुरुवार को बताया गया। एनएचएआई ने कहा कि विंडस्क्रीन पर फास्टैग को जानबूझकर नहीं लगाने से टोल प्लाजा पर अनावश्यक देरी होती है। जिससे अन्य राष्ट्रीय राजमार्ग में आने-जाने वालों को असुविधा होती है। इसलिए दोगुना यूजर फीस वसूलने के लिए विस्तृत मानक संचालन प्रक्रिया जारी की गई है। बयान में कहा गया है कि जिनके वाहन में फास्टैग नहीं लगा है, उनके शुल्क प्लाजा पर वाहन पंजीकरण संख्या के साथ सीसीटीवी फुटेज रिकॉर्ड किए जाएंगे। इससे वसूले गए शुल्क और टोल लेन में वाहन की मौजूदगी के संबंध में उचित रिकॉर्ड बनाए रखने में मदद मिलेगी।

## बांग्लादेश: नौकरी कोटा को लेकर हिंसा, 18 मरे

# भारतीय छात्र फंसे, करीब 200 लोग मेघालय पहुंचे

**एजेंसी** | शिलांग

बांग्लादेश में वर्तमान नौकरी कोटा प्रणाली को लेकर हिंसक विरोध प्रदर्शन को देखते हुए भारत ने अपने नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी की है। सलाह दी है कि जितना हो सके, बाहर की यात्रा से बचें। हिंसा में गुरुवार को और 5 लोगों की जान चली गई। अब तक 18 लोग मारे जा चुके हैं। हिंसा के चलते कई भारतीय छात्र वहां फंसे हुए हैं। इस बीच, बांग्लादेश से 200 से अधिक लोग भारतीय सीमा से मेघायल पहुंच गए हैं, इसमें 198 छात्र हैं। जिनमें से 67 छात्र अकेले मेघालय से हैं। अन्य छात्रों में नेपाल (101) और भूटान



(7) के छात्र शामिल हैं, जबकि शेष 23 देश के अन्य राज्यों से हैं और शेष 4 पर्यटक हैं। मेघालय सरकार ने बताया कि हिंसा से बचते हुए भारतीय नागरिक डॉकी इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट (आईसीपी) के माध्यम से भारत की सीमा में पहुंचे थे।

एक अंग्रेजी दैनिक की रिपोर्ट के अनुसार बांग्लादेश इंडिजिनस पीपुल्स फोरम (बीआईपीएफ) के आयोजन सचिव एंड्र्यू शोलोमर ने कहा कि जमीन पर स्थिति वास्तव में गंभीर और चिंताजनक है और लोग घबरा रहे हैं। उन्होंने कहा, गुरुवार राष्ट्रव्यापी बंद का आह्वान किया गया था और छात्रों को परीक्षा हॉल से दूर भेज दिया गया था, लेकिन सभी सड़कें खाली रहने के कारण कोई परिवहन उपलब्ध नहीं होने से लोग फंसे रहे।

### बांग्लादेश में क्यों फैली हिंसा

बांग्लादेश में फैली हिंसा का मुख्य कारण छात्रों का सरकारी नौकरियों के लिए देश की कोटा प्रणाली को समाप्त करने की मांग लेकर है। ढाका के बीआरएसी विश्वविद्यालय में छात्रों का विरोध प्रदर्शन अचानक तब हिंसा में बदल गया, जब पुलिस के साथ उनकी मुठभेड़ हो गई। विपक्षी दल, बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) और उसके सहयोगियों ने सड़कों, रेलवे और जलमार्गों पर देशव्यापी नाकाबंदी लगा दी है, जिससे आपूर्ति शृंखला पूरी तरह से बाधित हो गई है और परिवहन लागत बढ़ गई है।

### मेघालय के सैकड़ों छात्र अभी भी फंसे

उन्होंने कहा, सब कुछ रुक गया है और हमें नहीं पता कि आगे क्या होगा? सिवाय अपनी सुरक्षा के लोग घर के अंदर छिपे हुए हैं। शोलोमर ने कहा कि उनके अनुमान के अनुसार, मेघालय से सैकड़ों की संख्या में छात्र बांग्लादेश के विभिन्न शहरों में चिकित्सा, इंजीनियरिंग और अन्य संबद्ध व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की पढ़ाई कर रहे हैं।

## भाजपा मुख्यालय पहुंचे पीएम मोदी

# पार्टी संगठन से बढ़कर कुछ नहीं: पीएम मोदी

**एजेंसी** | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को भाजपा मुख्यालय पहुंचे। इस मौके पर उन्होंने पार्टी कार्यालय के कर्मचारियों के साथ अपनी पुरानी यादें साझा की। पीएम मोदी की इस मुलाकात को 'स्नेह मिलन' का नाम दिया गया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि पार्टी संगठन से बढ़कर कुछ भी नहीं है। कार्यकर्ताओं से बात करते हुए पीएम मोदी से कहा कि आप लोगों की तरह ही मैं भी इसी ऑफिस में काम किया करता था। उन्होंने पुराने दिनों को याद करते हुए बताया की किस तरह से अभाव में हम लोगों ने काम किया है। उन्होंने कहा हम सब एक परिवार हैं। लोकसभा चुनाव में लगातार तीसरी बार जीत हासिल कर केंद्र में सरकार बनाने के बाद पार्टी के केंद्रीय कार्यालय के कर्मचारियों के साथ पीएम मोदी की यह पहली मुलाकात है। इससे पहले, पार्टी मुख्यालय पहुंचने पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत किया। इस दौरान मंच पर पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महासचिव बीएल संतोष और राष्ट्रीय महासचिव एवं मुख्यालय प्रभारी अरुण सिंह भी मौजूद रहे। पीएम मोदी करीब ढाई घंटे तक पार्टी मुख्यालय में रहे।

### लेटेस्ट सोशल मीडिया एक्टिविटी से पावर कपल के तलाक की अफवाहों को मिली हवा

# अभिषेक के LIKE ने खोली ऐश्वर्या से रिश्तों की सच्चाई... दरार आई?

**बेधड़क.जयपुर।** पावर कपल अभिषेक बच्चन और ऐश्वर्या राय बच्चन के बीच सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। अब अभिषेक की लेटेस्ट सोशल मीडिया एक्टिविटी ने आग में घी डालने का काम किया है। एक्टर ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट लाइक की है, जिसमें तलाक के बारे में बात की गई थी। संबंधित पोस्ट इस टॉपिक पर चर्चा करती है कि 'प्यार आसान क्यों नहीं रह जाता।' इसमें आगे जिक्र था, 'लंबे समय से शादीशुदा जोड़े अब अलग हो रहे हैं। उनके इस फैसले के पीछे क्या वजह है और ग्रे तलाक क्यों बढ़ रहे हैं?' इस पोस्ट के नोट में लिखा था, 'तलाक किसी के लिए भी आसान नहीं होता।





#### जिंदगी वैसी नहीं होती, जैसी हम उम्मीद करते हैं

आगे लिखा है कि कौन हमेशा खुश रहने का सपना नहीं देखता या सड़क पार करते समय बुजुर्ग जोड़ों के हाथ पकड़कर चलने वाले दिल को छू लेने वाले वीडियो को फिर से बनाने की कल्पना नहीं करता? फिर भी, कभी-कभी जिंदगी वैसी नहीं होती जैसी हम उम्मीद करते हैं, लेकिन लोग दशकों तक साथ रहने के बाद अलग होने पर कैसे सामना करते हैं, अपनी जिंदगी का एक खास हिस्सा बड़ी और छोटी दोनों चीजों के लिए एक-दूसरे पर निर्भर रहने के बाद? उन्हें संबंध तोड़ने के लिए क्या प्रेरित करता है, और उन्हें किन चुनौतियों का सामना करना पड़ता है?

#### कपल ने न खंडन किया और ना स्वीकारा

अभिषेक बच्चन ने जिस पोस्ट को लाइक किया है उसमें आगे लिखा है, 'यह कहानी इन सवालों पर गहराई से विचार करती है. संयोग से, 'ग्रे तलाक' या 'सिल्वर स्प्लिटर्स' - आमतौर पर 50 साल की उम्र के बाद शादी को खत्म करने वैश्विक स्तर पर बढ़ रहे हैं। हालांकि कारण अलग-अलग हैं, लेकिन आश्चर्यजनक नहीं हैं.' आपको बता दें कि लंबे समय से ऐश्वर्या राय बच्चन और अभिषेक बच्चन के तलाक को लेकर अफवाह हैं। कपल ने न तो तलाक की अफवाहों का खंडन किया है और न ही स्वीकार किया है।

## शिव महापुराण कथा 24 से




**बेधड़क. जयपुर।** मुरलीपुरा के विकास नगर विस्तार स्थित राधा गोविंद शिव मंदिर में 24 से 31 जुलाई तक श्रीशिव महापुराण कथा का आयोजन होगा। व्यासपीठ से पं. जितेन्द्र भारद्वाज दोपहर दो से शाम छह बजे तक कथा श्रवण कराएंगे। गुरुवार को गायत्री चेतना केन्द्र मुरलीपुरा के मनु महाराज के सान्निध्य में आयोजन के पोस्टर का विमोचन किया गया। कथा का शुभारंभ विकास नगर स्थित श्री श्याम मंदिर से सुबह 10 बजे निकलने वाली कलश यात्रा के साथ होगा।

## तिलक नगर में लगाए 250 पौधे



**बेधड़क. जयपुर।** आज मानव आधुनिकिकरण की अंधी दौड़ में प्रकृति के महत्व को भूलता चला जा रहा है। सोच की इसी प्रक्रिया में तिलक नगर नागरिक समिति के तत्वाधान में कुछ जागरूक निवासियों ने 'तिलक नगर ग्रीन' के नाम से समूह बनाया। इसके तहत 1001 पेड़ तिलक नगर में लगाने का संकल्प लिया गया। उसी क्रम में करीब 250 पेड़ एकादशी के शुभ दिन पर सदस्यों ने मिलकर लगाए। इसमें करीब दस से बारह फुट ऊंचे बड़, पीपल, जामुन गुलमोहर शीशम आदि के वृक्ष, तिलक पार्क में और तिलक

## पाक कला को किया सेलिब्रेट



**बेधड़क. जयपुर।** गुलाबी शहर के कलीनरी परिदृश्य में एक नया मानक स्थापित हुआ। शहर में पहली बार आयोजित मिशेलिन-स्टाइल सिट-डाउन आयोजन में जयपुराइट्स ने विशेष रूप से क्यूरेटेड मॉर्डन फ्रेंच व इंडियन क्यूजिन का लुत्फ उठाया। आयोजन के लिए पूर्व-3 मिशेलिन स्टार, बौरी बेल्जियम से शेफ अमित कुमार ने खास 9-कोर्स मील क्यूरेट किया। कार्यक्रम में कलीनरी के लिए पैशन रखने वाले शहर के करीब 120 अतिथि शामिल हुए। जहां अतिथियों के अनुभव को यादगार बनाने के लिए अतिथि का स्वागत नाम कार्ड के साथ किया गया। शाम पाक कला को सेलिब्रेट करने के लिए समर्पित थी। जहां एक ओर गुलाबी नगरी जयपुर अपने आतिथ्य और लजीज खान-पान के एक हब के रूप में लगातार विकसित हो रही है, वहीं पारो द्वारा मिशेलिन स्टाइल का प्रोग्राम माइलस्टोन बना, जो भविष्य में जयपुराइट्स के लिए ऐसे और भी असाधारण अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## City इवेंट्स

### 'आज पुरानी राहों से' कार्यक्रम के पोस्टर का किया विमोचन




**बेधड़क. जयपुर।** अमर गायक मोहम्मद रफी की याद में 28 जुलाई को शाम 6 बजे से बिड़ला ऑडिटोरियम में 'आज पुरानी राहों से' कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। सिंगर मोहन कुमार बालोदिया ने बताया कि हालांकि रफी की पुण्य तिथि 31 जुलाई को है, लेकिन यह कार्यक्रम तीन दिन पहले करने जा रहे हैं। इसके लिए हाथोज धाम हनुमान मंदिर में विधायक बाल मुकुंदाचार्य ने कार्यक्रम का पोस्टर जारी किया। इस मौके पर गायक मोहन कुमार बालोदिया, समाज सेवी चेतन कुमावत, जयसिंह गुदीवाल और सुरेन्द्र पाल सिंह मौजूद रहे। कार्यक्रम में मोहन बालोदिया के अलावा राजस्थान की लता मंगेशकर के नाम से मशहूर गायिका रश्मि बालोदिया, विधि आचार्य, निकिता कोकाललवानी, मनीषा जैन, नीना सक्सेना, नागेश भटनागर, संजय भटनागर, राजीव सक्सेना, कृष्ण कन्हैया मीना, सुधीर शर्मा और देवेन्द्र सक्सेना विभिन्न एकल और युगत गीतों की प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम का संचालन उद्घोषक अरुण किम्मतकर और प्रियंका कुमावत करेंगे।


### किड्स फैशन शो: फर्स्ट लुक लॉन्च




**बेधड़क. जयपुर।** हेरिटेज किड्स फैशन शो सीजन-2 का फर्स्ट लुक लॉन्च मोती डूंगरी गणेश मंदिर में किया गया। इस दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बसंत बैराठी, चाइल्ड मॉडल एक्टर अर्विक बैराठी, कार्यक्रम संयोजक अर्चना बैराठी, हेरिटेज सीजन वन की मिस कैटेगरी की विनर भवि सोकल, कविता सोकल, विपिन बैराठी सहित अन्य मौजूद थे। कार्यक्रम संयोजक अर्चना बैराठी ने बताया कि शो में 2 से 15 साल के बच्चें भाग ले सकते हैं। शो के रजिस्ट्रेशन एक अगस्त से शुरु होंगे। इसके बाद चयनित फाइनलिस्ट बच्चों के ऑन लाइन व ऑफ लाइन ग्रूमिंग सेशन फैशन से जुड़े एक्सपर्ट द्वारा लिए जाएंगे। अनन्य सोच सेवा संस्था के इस शो के दौरान विभिन्न एक्टिविटीज होंगी। शो तीन कैटेगरी 2 से 6, 7 से 10 और 11 से 15 में आयोजित होगा।

### राजकुमार राव-श्रद्धा कपूर की 'स्त्री 2' का ट्रेलर रिलीज

## इस बार सरकटे का आतंक, लोग बोले- 'स्त्री जल्दी आ जाओ प्लीज'







**बेधड़क | जयपुर**

राजकुमार राव, श्रद्धा कपूर और पंकज त्रिपाठी स्टारर फिल्म 'स्त्री 2' का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। ट्रेलर देखकर आप जितना डरने वाले हैं उतना ही हसंने वाले हैं। हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'स्त्री 2' के ट्रेलर को लेकर सोशल मीडिया यूजर्स जमकर रिएक्शन भी दे रहे हैं। राजकुमार राव, श्रद्धा कपूर और पंकज त्रिपाठी की इस फिल्म को देखने के लिए फैंस काफी ज्यादा एक्साइटेड थे और अब ट्रेलर देखने के बाद ज्यादा ही बेसब्र हो गए हैं। फिल्म 'स्त्री 2' के ट्रेलर में दिखाया गया है कि चंदेरी में इस बार स्त्री का नहीं, बल्कि सरकटे भूत का आतंक फैलने वाला है। वहीं, इस बार देखने को मिलेगा कि स्त्री चंदेरी में लोगों डराने नहीं, बल्कि उनकी सरकटे भूत से रक्षा करने के लिए आएगी। फिल्म के ट्रेलर से पता लगा रहा है कि तमन्ना भाटिया का आइटम सॉन्ग होने वाला है। फिल्म 'स्त्री 2' का ट्रेलर देखने के बाद लोग इस पर कमेंट कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा है, 'स्त्री जल्दी आ जाओ प्लीज।' एक यूजर ने लिखा है, 'अबकी बार 200 करोड़ पार।' एक यूजर ने लिखा है, 'सुपर-डुपर होने वाली है मूवी।' एक यूजर ने लिखा है, 'मस्त ट्रेलर है। बता दें कि 'स्त्री' साल 2018 में रिलीज हुई थी और इसे काफी पसंद किया गया था।

### अलबेली माधुरी शरण व बड़े भैया ने दिखाई झंडी

## बाबा बर्फानी के दर्शनों के लिए छोटी काशी से श्रद्धालु रवाना



**बेधड़क | जयपुर**

बाबा बर्फानी के दर्शनों के लिए छोटीकाशी से श्रद्धालुओं की रवानगी जारी है। इसी कड़ी में गुरुवार को 53 श्रद्धालुओं का जत्था शास्त्रीनगर सर्कल से बाबा अमरनाथ के जयकारों के साथ रवाना हुआ।

शुक संप्रदाय पीठाधीश्वर अलबेली माधुरी शरण महाराज और श्रीसरस निकुंज के प्रवक्ता प्रवीण बड़े भैया ने पूजा-अर्चना कर हरी झंडी दिखाई। परिजनों ने यात्रियों का माल्यार्पण कर पैर छूए और आशीर्वाद लिया। यहां से शास्त्रीनगर सर्किल से यात्री मोती डूंगरी गणेशजी मंदिर पहुंचे। यहां प्रथम पूज्य को ढोक देकर निर्विघ्न यात्रा की कामना की। इस मौके पर भोलेनाथ सेवा समिति समिति अध्यक्ष रामजीलाल शर्मा, गिर्राज प्रसाद साहू, मोहनलाल अग्रवाल, रामजी लाल शर्मा, हरकचंद साहू सहित अन्य मौजूद रहे। यात्री गोवर्धन, हरिद्वार, देहरादून, चंडीगढ़, हिमाचल प्रदेश में चिंतपूर्णी माता, ज्वाला माता, कांगड़ा देवी, चामुंडा देवी के दर्शन करते हुए बालटाल होते हुए 24 जुलाई को बाबा अमरनाथ के दर्शन करेंगे।

वापसी में स्वर्ण मंदिर अमृतसर, इच्छापूर्ण हनुमान, खाटूश्यामजी, रींगस वाले भैंरूजी मंदिर के दर्शन करते हुए 30 जुलाई को यात्री जयपुर आएंगे।

**धार्मिक कार्यक्रम** | राजस्थान जैन युवा महासभा के पदाधिकारियों ने लिया आशीर्वाद

## प्रणम्य सागर को श्रीफल भेंट, 22 को करेंगे मंगल प्रवेश

**बेधड़क | जयपुर**

मानसरोवर के मीरा मार्ग के श्रीआदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में चातुर्मास करने आ रहे आचार्य विद्यासागर के शिष्य मुनि प्रणम्य सागर ससंघ को राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के पदाधिकारियों ने श्रीफल भेंट कर आशीर्वाद लिया। मुनिश्री ससंघ गुरुवार को सुबह भाण्डारेज मोड़ से मंगल विहार कर दौसा के श्रीआदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर पहुंचे, जहां राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जैन, जिला अध्यक्ष संजय पाण्डया, जिला महामंत्री सुभाष बज, सूर्य प्रकाश छाबड़ा सहित सैकड़ों लोगों ने मुनिश्री से लिया।



#### पदाधिकारियों ने दिए सुझाव

बैठक में बड़ी संख्या में मंदिरों, युवा व महिला मंडलों, जैन सोश्यल ग्रुपों व अन्य संस्थाओं के पदाधिकारियों और समाज के गणमान्य श्रेष्ठीजनों ने सहभागिता निभाई। सभी ने अपने-अपने सुझाव दिए और तैयारियों को पूरा करने में हर सहयोग देने की बात की।

#### ऐतिहासिक जुलूस के साथ होगा प्रवेश

श्रीआदिनाथ दिगंबर जैन समिति अध्यक्ष सुशील पहाड़िया व मंत्री राजेन्द्र सेठी ने बताया कि मुनिराज का सोमवार को जुलूस के साथ मीरा मार्ग मानसरोवर में भव्य मंगल प्रवेश होगा। समिति के मंत्री राजेंद्र कुमार सेठी ने बताया कि जुलूस की तैयारियों के संबंध में समाज बन्धुओं की मीटिंग का आयोजन किया गया।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

न्यूज़ बेधड़क

सच बेधड़क
जयपुर, शुक्रवार, 19 जुलाई, 2024





तोड़ना और नष्ट करना आसान है। नायक वे हैं जो शान्ति स्थापित करते हैं और निर्माण करते हैं।

**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

### चीन में बड़ा हादसा... घटना की होगी उच्च स्तरीय जांच

# शॉपिंग मॉल में भीषण आग, 16 की जलकर मौत



**बीजिंग।** चीन में बुधवार रात बड़ा हादसा हो गया। चीन के दक्षिणपश्चिम शहर जिगोंग के एक शॉपिंग मॉल में भीषण आग लग गई, जिसकी चपेट में आकर 16 लोगों की मौत हो गई है। चीन के सरकारी मीडिया के मुताबिक सिचुआन प्रांत के जिगोंग शहर में 14 मंजिला बिल्डिंग आग की चपेट में आ गई। इसकी वजह से बिल्डिंग के भीतर कई सारे लोग भी फंस गए। घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें इमारत से निकल रहे काले धुएं को साफ तौर पर देखा जा सकता है। चीन के सरकारी मीडिया सीसीटीवी के मुताबिक आग लगने की सूचना मिलते ही 300 इमरजेंसी वर्कर्स और दर्जनों दमकल की गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। इमरजेंसी वर्कर्स ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर करीब 30 लोगों को बिल्डिंग की आग से बचाया। स्थानीय अधिकारियों के हवाले से बताया गया है कि शुरुआती जांच में ये बात सामने आई है कि आग लगने की वजह कंस्ट्रक्शन का काम था, जिसकी वजह से चिंगारी भड़की और फिर आग लगी। हालांकि, अभी तक आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

### वजह पता लगाने का निर्देश

चीन के इमरजेंसी मैनेजमेंट मंत्रालय ने गुरुवार को एक बयान में रेस्क्यू में जुटे वर्कर्स और प्रांतीय अधिकारियों से कहा कि वे आग लगने की वजहों का जल्द से जल्द पता लगाएं। साथ ही, इस हादसे से सबक लें, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं फिर से ना हों। चीन में इस तरह के हादसे काफी ज्यादा सामान्य बात हो चुके हैं। पहले भी कई बार इमारतों में आग लगने की घटनाएं सामने आई हैं, जिसमें दर्जनों लोगों की मौत हुई है। इमारतों को बनाने में नियमों का ख्याल नहीं रखना आग लगने की मुख्य वजह है।

### सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल

सोशल मीडिया एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें आग की लपटों को बिल्डिंग से उठते हुए देखा जा सकता है। काला धुआं भी निकल रहा है, जो काफी दूर से दिखाई दे रहा है। आग बुझाने के लिए दमकलकर्मियों ने पाइप का सहारा तो लिया ही, साथ ही साथ ड्रोन के जरिए भी आग बुझाने का काम किया गया। जिगोंग शहर के जिस मॉल में आग लगी है, उसमें डिपार्टमेंट स्टोर, रेस्तरां और मूवी थिएटर्स के साथ-साथ कई कंपनियों के दफ्तर भी थे।

### सार्वजनिक स्थानों पर आग की घटनाएं 40 फीसदी बढ़ीं

चीन में आग लगने की घटना सामान्य हो चुकी है। नेशनल फायर एंड रेस्क्यू एडमिनिस्ट्रेशन के प्रवक्ता ली वांनफेंग के मुताबिक इस साल 20 मई तक इकट्ठा किए गए आंकड़ों के मुताबिक देशभर में आग लगने की 947 घटनाएं सामने आई हैं। अगर पिछले साल इसी अवधि से तुलना करें तो आग लगने की घटनाओं में 19 फीसदी का इजाफा हुआ है। ली ने कहा कि होटल और रेस्तरां जैसे सार्वजनिक स्थानों पर आग लगने की घटनाओं में 40% की वृद्धि हुई है।

### यूक्रेन के मददगार देशों पर पुतिन कुपित...

# 16 देशों पर करेंगे परमाणु हमला!

## 25 को ले सकते हैं बड़ा फैसला...

**एजेंसी** | मॉस्को

वाशिंगटन में हाल ही में हुए नाटो शिखर सम्मेलन के बाद रूस को चारों तरफ से घेरने का फैसला किया गया है। नाटो देशों ने पहले ही रूस के खिलाफ कड़े प्रतिबंध लगा दिए हैं। ऐसी हालत में रूस अब चीन के साथ दोस्ती मजबूत कर रहा है। उधर, नाटो के 32 देश रूस को चारों तरफ से घेरने में जुटे हैं। इनमें से अमेरिका, ब्रिटेन, जर्मनी और फ्रांस पूरी तरह से रूस के सामने आ गए हैं। इधर, पुतिन 16 देशों पर परमाणु हमले की तैयारी का निर्णय लेने वाले हैं।

रूस-यूक्रेन युद्ध अब तीसरे साल में प्रवेश कर गया है, लेकिन छोटा सा देश यूक्रेन नाटो की मदद से चट्टान की तरह डटा है। ऐसी स्थिति में रूस के राष्ट्रपति पुतिन पूरी तरह से बौखला गए हैं। रूस से लड़ने के लिए अमेरिका ने यूक्रेन को एफ-16 लड़ाकू विमान दिया है। इसके अलावा अमेरिका के हिमार्स रॉकेट भी रूस में तबाही मचा रहे हैं। अन्य देश भी ऐसी मदद दे रहे हैं।



### ऐसा हुआ तो आधी दुनिया हो सकती है तबाह

नाटो देशों की तरफ से घिरने के बाद रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने परमाणु युद्ध की धमकी दी है। अगर रूस हमले करता है तो आधी दुनिया तबाह हो जाएगी। कयास लगाए जा रहे हैं कि रूस 16 देशों पर परमाणु हमला कर सकता है। पुतिन ने कहा, 'सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। दुश्मन हमारे परमाणु संयंत्रों पर हमला कर रहे हैं। हमें इसपर गंभीरता से ध्यान देने की जरूरत है। जो देश कीव का समर्थन कर रहे हैं, उनका इस पर ध्यान नहीं जा रहा है। ये उनकी बहुत बड़ी गलती है और इसे याद रखेंगे।'

### एक्टिव मोड में आए रूस के तमाम परमाणु हथियार

अब पुतिन ने परमाणु हमला को लेकर निर्णय लेने के लिए 25 जुलाई की तारीख तय की है, उन्होंने कहा है कि अगर पश्चिमी देश पीछे नहीं हटते हैं तो रूस परमाणु हमला करने में देर नहीं लगाएगा। दरअसल, यूक्रेन के 20 फीसदी इलाकों पर रूस ने कब्जा कर लिया है, लेकिन इस बीच नाटो देश रूस को चौतरफा घेरने में जुटे हैं। इस युद्ध में रूस का भी बड़ा नुकसान हुआ है। अपने को चौतरफा घिरा देख पुतिन बौखला गए हैं, पिछले कुछ महीनों से लगातार वे परमाणु हमले की चेतावनी दे रहे हैं।

### पाकिस्तान के हालात हो रहे बद से बदतर

# आटा 800 ₹ किलो, तेल 900 ₹ लीटर

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान इन दिनों गंभीर आर्थिक संकट में फंसा हुआ है। देश की इकोनॉमी चीन के कर्ज तले दबी जा रही है। सरकार को इंटरनेशनल मॉनेट्री फंड (IMF) से बेलआउट पैकेज के लिए मिन्नतें करनी पड़ रही हैं। हालांकि, आईएमएफ की शर्तें इतनी कठिन हैं कि सरकार को उन्हें मानना बहुत मुश्किल काम लग रहा है।

उधर, जनता की कमर महंगाई ने तोड़ दी है. देश में आटा 800 पाकिस्तानी रुपए किलो और तेल 900 पाकिस्तानी रुपए प्रति लीटर



हो चुका है। आलम यह है कि एक रोटी के लिए पाकिस्तानियों को लगभग 25 रुपए खर्च करने पड़ रहे हैं। पाकिस्तान में कॉस्ट ऑफ लिविंग आसमान छूने लगी है। लोग रोजमर्रा की जरूरतें भी मुश्किल से जुटा पा रहे हैं। पाकिस्तानी रुपए के मूल्य में भी जबरदस्त गिरावट आ रही है। खाने के साथ ही घर, हेल्थकेयर और अच्छी शिक्षा भी आम आदमी की पहुंच से बाहर होती जा रही है। उधर, आईएमएफ की तरफ से सब्सिडी खत्म करने का दबाव और बढ़ता जा रहा है। इसके बावजूद पाकिस्तान ने रक्षा बजट में 15 फीसदी का इजाफा किया है। पाकिस्तानी सेना को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 2,122 अरब रुपए दिए गए हैं।

पाकिस्तान के वित्त मंत्री मोहम्मद औरंगजेब के अनुसार देश की जीडीपी 3.6 फीसदी की रफ्तार से आगे बढ़ेगी। यह पिछले वित्त वर्ष के आंकड़े 3.5 फीसदी से ज्यादा है। हालांकि, विशेषज्ञों का मानना है कि पाकिस्तान की आर्थिक विकास दर 2.38 फीसदी का आंकड़ा ही छू पाएगी।





### बिंदास जिंदगी

# 3 फुटिए 'किंग' को मिली 7 फुट की GF

■ 'किंग' को मिली खुद से चार फुट लंबी 'क्वीन'

**एजेंसी** | बें

दुनियाभर में कई ऐसी बेमेल जोड़ियां हैं, जिन्हें देखकर हैरानी होती है। इनमें से कोई शख्स अपने से 20 साल छोटी लड़की से शादी कर लेता है, तो कोई बुजुर्ग महिला 37 साल छोटे लड़के पर फिदा हो जाती है। लेकिन क्या आपने कभी 7 फुट लंबी लड़की के 3 फुटिए बॉयफ्रेंड के बारे में सुना है? यकीनन, नहीं सुना होगा। दरअसल, ज्यादातर लड़कियां अपने से लंबे लड़के को ही प्रिफर करती हैं। सोशल मीडिया पर इससे उलट एक वीडियो वायरल हो रहा है। इस 3 फुट के शख्स ने खुद को किंग करार दिया है, तो अपने से लगभग 4 फुट लंबी लड़की को क्वीन बताया है।



### सोशल मीडिया पर हिट है यह जोड़ी

इनकी जोड़ी जब भी कोई वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर करती है, वैसे ही वो वायरल हो जाते हैं। ये वीडियो भी लोगों को खूब भा रहा है। महज 2 दिन के अंदर ही इस वीडियो को 25 लाख से ज्यादा बार देखा जा चुका है। वहीं, लाखों लोगों ने इसे लाइक किया है, तो 38 हजार से ज्यादा ये वीडियो शेयर किया गया है। इस वीडियो का कैप्शन है, 'छोटे राजा की लंबी रानी, अपनी धुन में हैं मस्त।' बता दें कि इंस्टाग्राम पर जहां गैब्रिएल को 23 हजार से ज्यादा लोग फॉलो करते हैं, वहीं मैरी के 20 लाख से ज्यादा फॉलोवर्स हैं।

### यह वीडियो हो रहा है वायरल

इंस्टाग्राम पर वायरल हो रहे इस जोड़े के डांस के वीडियो में दिखता है कि 3 फुट लंबे गैब्रिएल पिमेंटल अपने से काफी लंबी मैरी टेमारा के साथ नाचते हुए नजर आ रहे हैं। दोनों एक-दूसरे के साथ काफी कोजी हो रहे हैं और गले भी लगा रहे हैं। दोनों के चेहरे पर खुशी देखी जा सकती है। ऐसा लगता है मानो ये अपने रिश्ते से बेहद खुश हैं। इस वीडियो को गैब्रिएल ने खुद अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है। वहीं, मैरी ने भी गैब्रिएल के साथ कई वीडियोज अपलोड किए हैं। सोशल मीडिया पर दोनों की जोड़ी धूम मचा रही है।

सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार

सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl